


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 207

ग्वालियर, रविवार, 17 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## राजधानी दिल्ली में कोरोना का कहर बढ़ा: -एक दर्जन से अधिक संक्रमित बच्चे अस्पतालों में कराए गए भर्ती

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर क्षेत्र में कोरोना वायरस का संक्रमण फिर तेज हो गया है। इस बार इस महामारी का असर बच्चों में अधिक देखने को मिल रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 14 कोरोना पॉजिटिव बच्चे दिल्ली के निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं। उनमें से ज्यादार में कोमोरबिडिटी है। इस बार बच्चों के अधिक संक्रमित होने के चलते माता-पिता की चिंताएं बढ़ गई हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में कोविड के कुल 685 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। इसमें कहा गया है कि दिल्ली के अस्पतालों में कोविड मरीजों के लिए 9,735 बेड्स हैं और उनमें से 51 (0.52 प्रतिशत) अभी भरे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गुरुवार को संक्रमण के 325 नए मामले सामने आए थे, जबकि एक भी मरीज की मौत नहीं हुई थी। वहीं, संक्रमण दर 2.39 प्रतिशत रही थी। बुधवार को, कोविड के 299 मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 2.49 प्रतिशत रही थी। दिल्ली के सभी अस्पतालों को सतर्क रहने को कहा- राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के



बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिल्ली के सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, बीते दिनों मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या नहीं बढ़ रही है, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। अभी चिंता की कोई बात नहीं है। जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है और सरकार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। हमने अपने स्वास्थ्य ढांचे को पूरी तरह से बदल दिया है। इसके साथ ही दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सभी अस्पतालों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मरीजों का संपर्क में आए लोगों का पता लगा रही है। साथ ही जरूरत पड़ने पर आरटी-पीसीआर जांच भी बढ़ाई जाएगी। कोरोना को फैलने से रोकने के लिए दिल्ली सरकार टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट (जांच, संपर्क में आए लोगों का पता लगाने और उपचार) के सिद्धांत पर काम कर रही है।

## अनंतनाग के वटनार में आतंकियों से मुठभेड़ में एक जवान शहीद

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिला के वटनार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के चलरही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों और पुलिस ने तीन आतंकियों की घेर लिया। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। खबर के अनुसार, पुलिस को उत्तरी कश्मीर के अनंतनाग जिला के वटनार कोकरनाग इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान छेड़ा। सुरक्षाबलों को एक स्थान पर छिपे आतंकी दिखे। उन्होंने सबसे पहले आतंकियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। आतंकियों ने इसको अनसुना कर सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। ऐसे में सुरक्षाबलों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आतंकियों के खिलाफ फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाके को खाली करवा दिया है। आतंकियों की चारों ओर से घेराबंदी कर ली गई है। इसी बीच दोनों ओर से जारी फायरिंग में एक सैन्यकर्मी बलिदान हो गया है।




## सांसद बने हरभजन ने की नेक शुरूआत, अपनी सैलरी किसानों की बेटियों की पढाई में करेंगे खर्च

**नई दिल्ली।** क्रिकेट से राजनीति में आए ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एक नेक पहल की है। हाल ही में उन्होंने आम आदमी पार्टी की तरफ से पंजाब में राज्यसभा सांसद की सीट जीती है। सांसद बनने के बाद भज्जी किसानों के पक्ष में उतर आए हैं। उन्होंने किसानों के लिए एक नई पहल शुरू की है। इसके बारे में उन्होंने खुद यह जानकारी शेयर की। हरभजन सिंह ने शनिवार को ट्वीट करते हुए लिखा, बतौर राज्यसभा सदस्य, मैं किसानों की बेटियों की पढ़ाई और सामाजिक कामों के लिए अपनी राज्यसभा की सैलेरी देना चाहता हूं। मैं अपने देश को बेहतर बनाने में योगदान देना चाहता हूं और मैं वह सब कुछ करूंगा, जो मैं कर सकता हूं। भज्जी ने पिछले साल 24 दिसंबर को ही क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्हें कई मौकों पर पंजाब में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के साथ देखा गया। तब बातें होने लगी थी कि भज्जी जल्द ही कांग्रेस या फिर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। बताया जाता है कि भज्जी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के करीबी हैं। हरभजन का क्रिकेट करियर 23 साल का रहा है। फिलहाल वे आईपीएल 2022 सीजन में कमेंट्री कर रहे हैं।



# पीएम मोदी ने मोरबी में 108 फूट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का किया वर्च्युअली अनावरण

**अहमदाबाद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मोरबी में हनुमान जी की 108 फूट ऊंची प्रतिमा का वर्च्युअली अनावरण किया देश के चारों कोने में हनुमान जी की प्रतिमा बनाने का प्रोजेक्ट चल रहा है और इसके अंतर्गत मोरबी में आज हनुमान जी की 108 फूट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया है प्रोजेक्ट के तहत हनुमान जी की पहली प्रतिमा शिमला में 2010 में स्थापित की गई थी7 जबकि दक्षिण भारत के रामेश्वर में ऐसी ही एक प्रतिमा निर्माणधीन है पश्चिम में गुजरात के मोरबी में यह प्रतिमा केशवानंद आश्रम में स्थापित की गई है पिछले 3 साल से प्रतिमा का निर्माण कार्य चल रहा था और आज पीएम मोदी ने इसका वर्च्युअली अनावरण किया है इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि सौराष्ट्र की भूमि संतों और वीरों की भूमि है, जो अपने देश की एक अलग पहचान है इस भूमि से मेरा कर्म से नाता रहा है वर्षों पहले जब मोरबी में आता था तब हनुमानधाम के दर्शन कर बापू से प्रसाद ग्रहण करता था मच्छु डेम




दुर्घटना के दौरान केशवानंद आश्रम ने काफी सेवा कार्य किया था और उसी समय से मैं लगातार आश्रम के साथ संपर्क में हूं उन्होंने कहा कि आपदा को अवसर में बदलने की शक्ति गुजरातियों में है मच्छु डेम दुर्घटना पहले यहां ईंटों के भट्ठों के अलावा और कुछ नहीं था, परंतु आज मोरबी ने घड़ी और सिरोमिक उद्योग के जरिए दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है मोरबी, राजकोट और जामनगर का एक त्रिकोण बना है, जो सौराष्ट्र के जापान के तौर पर जाना जाता है यह क्षेत्र बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दे रहा है प्रधानमंत्री ने फिर एक बार पर्यटन के विकास के लिए भागीदार बनने का आह्वान करते हुए कहा कि गुजरात में श्रद्धा का काम हरेक स्थल पर चलता रहता है और इसके दाताओं की कोई कमी नहीं है काठियावाड धार्मिक पर्यटन का मुख्य केन्द्र बन चुका है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं खासकर गुजरात के समुद्र किनारे की वजह से ज्यादा पर्यटक आते हैं रणोत्सव के कारण कच्छ की सूरत बदली है और उसका भी लाभ मोरबी को मिला है मोरबी के आसपास कई होटल बन गई हैं गिरनार पर रोपवे बनने से बुजूर्ग लोग भी गिरनार पर दर्शन करने जा सकते हैं महत्वपूर्ण बात यह है कि पर्यटन में श्रद्धा के साथ आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं आज हम दुनियाभर में पर्यटन का मुख्य केन्द्र बन रहे हैं विदेश से भी बड़ी संख्या में पर्यटन यहां आ रहे हैं हांलाकि हमे स्वच्छता के लिए भी काम करना होगा, सभी तीर्थस्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है पीएम मोदी ने कहा कि हमें अब रुकना नहीं है बल्कि निरंतर आगे बढ़ना है हमें आत्म निर्भर होना पड़ेगा वॉकल पर लोकल और भारत के पैसे भारत के लोगों द्वारा बनाई गई वस्तुएं खरीदने का आग्रह रखना होगा उन्होंने कहा कि हमासे संत भी अगर भारत में बनी वस्तुओं का उपयोग करने का आग्रह करें तब भी देश का विकास होगा।



## फेरीवाले रात को बाजार में अपना सामान नहीं छोड़ सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी फेरीवाले को इस पर जोर देने का कोई अधिकार नहीं है कि उसे रात में उसी जगह पर अपना सामान रखने की अनुमति दी जाए, जहां वह फेरी लगाता है। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने स्पष्ट किया कि फेरीवालों को सिर्फ फेरी नीति के अनुसार ही बाजारों में सामान बेचने की इजाजत दी जा सकती है। बेंच ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल की गई थी कि सरोजिनी नगर मार्केट में फेरी लगाने वाले याचिकाकर्ता को फेरी वाले स्थान पर रात में सामान छोड़ने की अनुमति दी जाए। हाईकोर्ट ने संबंधित अर्जी को उचित रूप से खारिज किया है। सुप्रीम कोर्ट सरोजिनी नगर मार्केट में फेरी लगाने वाले एक व्यक्ति द्वारा हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। फेरीवाले ने हाईकोर्ट से एनडीएमसी को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि उसे उसी स्थान पर रात में सामान छोड़ने की अनुमति दे, जहां वह दिन में फेरी लगाता है। हाईकोर्ट ने कहा था कि फेरीवाले की अपील फेरी लगाने की अवधारणा के खिलाफ है, जो फेरीवाले को किसी भी क्षेत्र पर स्थायी कब्जे की अनुमति नहीं देती। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने स्पष्ट किया कि फेरीवालों को सिर्फ फेरी नीति के अनुसार ही बाजारों में सामान बेचने की इजाजत दी जा सकती है।

## हंसखली रेप केस में डीएनए जांच की योजना बना रही है सीबीआई




■ पता चलेगा कि एकत्र नमूने गिरफ्तार आरोपी के नमूने से मिलते हैं या नहीं

■ मामले का मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता का बेटा है

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो हंसखली रेप केस में डीएनए जांच करने की योजना बना रहा है, जिससे पता लग सके कि अपराध स्थल से एकत्र नमूने गिरफ्तार आरोपी के नमूने से मिलते हैं या नहीं। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के नदिया जिला स्थित हंसखली में 4 अप्रैल को नौवीं कक्षा की एक छात्रा से मुख्य आरोपी के घर जन्म दिन की एक पार्टी के दौरान रेप किया गया था। मामले का मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता का बेटा है। घटना के बाद छात्रा की मौत हो गई थी। उसके पिता ने 10 अप्रैल को पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि आरोपी ने हथियार का भय दिखा कर शव छीन लिया और उसकी अंत्येष्टि कर दी। सीबीआई अधिकारी और अधिक साक्ष्य एकत्र करने के लिए फिर से घटनास्थल पर गये। इससे पहले, उन्होंने घटनास्थल से नमूने एकत्र किये थे। उनकी योजना गिरफ्तार आरोपी से नमूने एकत्र करने की है। अधिकारी ने फोन पर बताया, ''हम गिरफ्तार आरोपी से डीएनए नमूने एकत्र करेंगे और उसका घटनास्थल से जुटाये गये नमूनों से मिलान करेंगे। यह हमारी जांच में एक अहम कदम होगा। हम हंसखली में विभिन्न स्थानों पर अपना खोजबीन अभियान जारी रखेंगे।'' सीबीआई अधिकारियों के साथ पूरे तलाशी अभियान के दौरान केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के कर्मी भी थे। उन्होंने बताया कि एक मोबाइल फोन के पार्ट्स, एक शराब की बोतल और खून के धब्बे वाली एक शीट बरामद की गयी है। अधिकारी ने बताया कि 4 सदस्यीय दल उस श्मशान घाट पर भी गया, जहां लड़की का अंतिम संस्कार किया गया था। सीबीआई अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को मुख्य आरोपी के घर का ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश किया और अपराध स्थल की तलाशी ली थी। साक्ष्य एकत्र करने के कार्य की वीडियोग्राफी की गई। तलाशी बृहस्पतिवार देर रात तक जारी रही और इलाके में बिजली गुल होने के चलते इसमें देर हुई।

## भारतीयों को भारतीयों के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश हो रही: सोनिया

**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी ने देश के मौजूदा तनाव भरे सामाजिक-राजनीतिक हालात पर अखबार में लेख लिखकर पीएम नरेंद्र मोदी पर सख्त टिप्पणी की है। सोनिया ने कहा है कि क्या भारत को स्थायी तौर पर ध्रुवीकरण की स्थिति में होना चाहिए? सत्ता प्रतिष्ठान स्पष्ट रूप से चाहता है कि भारत के नागरिक यह विश्वास करें कि ऐसा वातावरण उनके सर्वश्रेष्ठ हित में है। चाहे वह पहनावा हो, भोजन हो, आस्था हो, त्यौहार हो या फिर भाषा, भारतीयों को भारतीयों के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की जाती है और कलह पैदा करने वाली ताकतों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर प्रोत्साहन दिया जाता है। प्राचीन और समकालीन दोनों तरह के इतिहास की लगातार व्याख्या करने की कोशिश की जाती है, ताकि



पूर्वाग्रह शत्रुता और प्रतिशोध को बढ़ावा दिया जा सके। यह एक त्रासदी है कि अपने संसाधनों का इस्तेमाल देश के लिए उज्ज्वल और नया भविष्य गढ़ने और युवा मन को सकारात्मक कामों में लगाने के लिए हमारे संसाधनों का उपयोग करने के बजाय, एक काल्पनिक अतीत के संदर्भ में वर्तमान को नया रूप देने के प्रयासों में समय और मूल्यवान संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है।

भारत की विविधताओं को स्वीकार करने के बारे में पीएम मोदी जी की ओर से बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन कड़वी हकीकत यह है कि उन्हीं के शासन काल में जिस अपार विविधता ने सदियों से हमारे समाज को परिभाषित और समृद्ध किया है, उसका इस्तेमाल हमें बांटने में हो रहा है। अब ये स्थापित सत्य हो चुका है, कि हमें आर्थिक विकास की गति को जारी रखना होगा ताकि धन पैदा किया जा सके फिर इसी धन को फिर से बांटा जा सके, लोगों का जीवन स्तर सुधारा जा सके और सबसे बड़ी बात कि राजस्व अर्जन किया जा सके जिसकी जरूरत सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों के लिए है।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बोले - अस्पताल सेवा के चार साल, उपलब्धियाँ बेमिसाल

**ऊना।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर गरीब कल्याण के बड़े हिमायती थे और उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैंने 14 अप्रैल 2018 को प्रयास स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत की थी। केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रयास संस्था द्वारा चलाई जा रही सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ÷अस्पताल÷ के चार वर्षों के कार्यकाल को उपलब्धियों भरा बताते हुए इस अवसर पर ऊना में आयोजित विशाल चिकित्सा शिविर के सफल आयोजन पर अस्पताल टीम को बधाई दी है व इस




अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति और आशीर्वचन के लिए राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर जी का आभार प्रकट किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर गरीब कल्याण के बड़े हिमायती थे और उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैंने 14 अप्रैल 2018 को प्रयास स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत की थी। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रत्येक नागरिक की बुनियादी ज़रूरत है,मगर कई बार स्वास्थ्य केंद्रों के दूर होने या डॉक्टरों की उपलब्धता ना होने से दूर दराज़ इलाक़ों के लोग अच्छी स्वास्थ सेवा से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में अस्पताल सेवा लोगों के लिए एक वरदान बनी है। यह हर्ष का विषय है कि सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा 4 वर्षों के इस कालखंड में लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का काम किया है। मात्र चार वर्ष के कालखंड में 6,22,354 किलोमीटर का चक्कर काटकर क़रीब 7,151,32 लोगों को उनके घर द्वार पर मुफ़्त जाँच, सलाह और उपचार करना अपने आप में एक उपलब्धि है।

## खास खबर

### नवजात की मां बनीं भारती सिंह दूसरे बच्चे के लिए तैयार, बोलीं- दिल करता है एक और हो जाए

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे की हॉस्य महारानी का तमगा पाने वाली अदाकारा भारती सिंह जब भी पैपराजी से मिलती हैं कुछ ना कुछ मजेदार कहकर चली जाती हैं। भारती सिंह मातृत्व सुख का आनंद ले रही हैं। तभी तो बातों-बातों में उनके मुंह से दूसरा बच्चा करने की बात निकल गई। जैसा कि आपको मालूम ही होगा कि एक बच्चे की मां बनी भारती सिंह काम पर लौट चुकी हैं। बच्चा होने के 12 दिन बाद भारती हुनरबाज शो के सेट पर दिखीं। छोटे बच्चे को घर पर यूं अकेला छोड़ना भारती के लिए आसान नहीं था। लेकिन कहते हैं ना कि शो मस्ट गो ऑन। इसी मंत्रा पर चलते हुए भारती काम पर लौटीं। शो के सेट पर भारती ने पैपराजी से बात करते हुए बताया कि बेटा होने के बाद लोग कहते हैं कि बेटी होनी चाहिए। गोला को बहन मिलनी चाहिए। तो क्या भारती सिंह दूसरे बच्चे की प्लानिंग करेंगी।

### कश्मीर अकेला नहीं है आतंक के खिलाफ लड़ाई में हमेशा हैं साथ

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में बढ़ोतरी के बीच सेना ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें यह दिखाया गया है कि कैसे समाज के हर वर्ग ने आतंकवाद के घावों को झेला है। सेना नागरिकों को आश्वस्त कर रही है कि घाटी में स्थिरता के लिए उनकी लड़ाई में वह उनके साथ है। भारतीय सेना के चिनार कोर ने %कश्मीर फाइट्स बैक% टाइटल से वीडियो अपलोड किया है। इसमें नागरिकों की पीड़ाओं को दिखाने का प्रयास है। यह बताया गया है कि लोगों की आस्था कुछ भी हो... सुरक्षा बल आतंकवाद को समाप्त करने और सामान्य स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। वीडियो के साथ लिखा गया है कि %दशकों के आतंकवाद ने हमें अनाथों, विधवाओं, रोती हुई माताओं और असहाय पिताओं के साथ छोड़ दिया है।% वीडियो में कश्मीरी पंडितों के पलायन, बचाव अभियान और पथराव की घटनाओं के दृश्य दिखाए गए हैं। इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे आतंकवादियों ने दशकों से घाटी के युवाओं को गुमराह किया है और विभिन्न समुदायों के बीच दुश्मनी को भड़काया है। यह सांप्रदायिक सद्भाव के महत्व को रेखांकित करता है।

### अपर्णा यादव का बिना नाम लिये अखिलेश यादव पर निशाना

**गोरखपुर।** मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी पर हमला बोला है। इस बार उन्होंने बिना नाम लिये ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। अपर्णा ने कहा कि जो लोग सन्यासी को मठ भेजने की बात कहते थे, उनपर लठ बजाने का काम सीएम योगी करेंगे। चुनाव के दौरान अखिलेश यादव बार-बार सीएम योगी को गोरखपुर मठ वापस भेजने की बातें कहते थे। औरैया के बिधूना में अपर्णा यादव ने कहा कि बार-बार लोग पूछ रहे थे कि बहू ने अपना परिवार क्यों छोड़ा। तो बता दूं कि मैं बिधूना की भी बहू हूं। बहू ने अपना परिवार नहीं छोड़ा। हां राष्ट्रवाद के लिए पार्टी छोड़ दी। अर्पणा ने कहा कि वह यादव कुल की बहू हैं। उन्होंने परिवार को नहीं छोड़ा बल्कि राष्ट्रवाद के लिए पार्टी छोड़ी है। कहा कि भाजपा ने जो काम किए अन्य पार्टियां कभी नही कर सकतीं। अपर्णा ने कहा कि चुनाव से पहले जब बीजेपी ज्वाइन किया तो सोशल मीडिया ट्विटर पर लोग बोल रहे थे कि सन्यासी को मठ भेजने की तैयारी कर दी है। तो अब मैं बता दूं कि बीजेपी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनी है। जो लोग ऐसी बातें कहते रहे हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन सभी लोगों पर लठ बजाने का काम करेंगे।

### केरल में आरएसएस वर्कर की हत्या बाइक पर आए हमलावरों ने 20 बार किया वार

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ में आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। हमलावर बाइक पर आए थे और शख्स पर धारदार हथियार से 20 बार हमला किया। घटना के बाद इलाके में बवाल की आशंका के मद्देनजर पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। केरल पुलिस के हवाले से बताया कि पलक्कड़ में आज आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आरएसएस के पूर्व शारिरिक शिक्षण प्रमुख श्रीनिवासन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने हमलावरों की संख्या पांच बताई है, जो बाइक पर श्रीनिवासन की दुकान पर आए थे। इससे पहले कि श्रीनिवासन कुछ समझ पाते, हमलावरों ने धारदार हथियार से 20 बार हमला किया। जिससे श्रीनिवासन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस महकमा घटनाक्रम के बाद इलाके में अलर्ट हो गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले केरल में पीएफआई से जुड़े एक नेता की भी हत्या की गई। पुलिस अपनी प्राथमिक जांच में उस घटना का श्रीनिवासन की हत्या से लिंक मानकर चल रही है।

## वन-टू-वन

### वॉन, हुसैन और एथरटन बोले, स्टोक्स को बनाये टेस्ट कप्तान

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन , नासिर हुसैन और पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने कहा है कि टीम के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को टेस्ट टीम की कप्तानी मिलनी चाहिये। जो रुट के पद छोड़ने के बाद से इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। वॉन ओर हुसैन के अनुसार स्टोक्स के पास उस प्रकार का कप्तानी कौशल है जिसकी जरुरत होती है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी मिली हार के बाद रुट पर दबाव बढ़ता जा रहा था। इसके साथ ही उनका अपन प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा था। वॉन ने कहा कि मुझे स्टोक्स के अलावा ऐसा कोई और खिलाड़ी नहीं दिखता जिसकी टीम में अभी जगह पक्की हो और वह कप्तान पद की जिम्मेदारी उठा सके। स्टोक्स के रूप में आपके पास ऐसा खिलाड़ी है जिसके पास क्रिकेट के लिए जरूरी स्मार्ट दिमाग है। उसे अगर मौका मिलता है तो वह पूरी तरह समर्पित होगा। उसे साथी खिलाड़ियों का सम्मान भी हासिल है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए इस पद के लिए साफ तौर पर स्टोक्स पहली पसंद हैं। स्टोक्स ने एक क्रिकेटर के रूप में कुछ अभूतपूर्व चीजें की हैं और उनके पास एक बहुत ही स्मार्ट क्रिकेट दिमाग है। उन्होंने इसे विश्व कप फाइनल में दिखाया है, उन्होंने हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन किया है। उन्होंने रूट की गैरमौजूदगी में कई बार टीम का नेतृत्व किया है।

### एएफसी चैंपियन्स लीग में मुंबई सिटी को मिली दूसरी हार

**रियाद।** मुंबई सिटी को एएफसी चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप बी के अपने मैच में अल जजीरा टीम ने 1-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही इस प्रतियोगिता में मुम्बई को दूसरी हार मिली है। मुम्बई ने अब तक कुल तीन मैच खेले हैं। इससे पहले उसे अल शबाद क्लब से 0-3 से हार झेलनी पड़ी भी। मबखोत के 40वें मिनट में किए गए गोल से अल जजीरा टीम को बढ़त मिली जो अंत तक जारी रही। संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल जजीरा ने पहले हॉफ में ही अपना शिकंजा कस दिया। अधिकांश समय गेंद उसके नियंत्रण में रही पर वह गोल दागने के अधिक अवसर नहीं बना पायी। दूसरी ओर एक गोल से पिछड़ने के बाद मुम्बई ने वापसी के कई प्रयास किये पर उसे सफलता नहीं मिली।मुंबई को शुरूआत में ही झटका लगा जब उसके डिफेंडर अमय रनावडे को नौवें मिनट में घायल होने के बाद बाहर जाना पड़ा। इसके बाद उनकी जगह मेहताब सिंह को मैदान में भेजा गया।

### स्वास्थ्य जीवन बीमा पॉलिसियां 15 प्रतिशत महंगी

**मुंबई।** कोरोना महामारी के बढ़ते संकट को देख स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के प्रीमियम भी चढने लगे हैं। कई नई और उन पॉलिसियों के प्रीमियम में 10-15 प्रतिशत का इजाफा देखा जा रहा है, जिनके नवीकरण की अवधि नजदीक आने वाली है। कई गैर-जीवन बीमा कंपनियां अपनी स्वास्थ्य पॉलिसियों पर प्रीमियम पहले ही बढ़ा चुकी हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान पिछले दो वर्षों में बीमा कंपनियों को कई भारी भरकम दावे निपटाने पड़े हैं। इतना ही नहीं स्वास्थ्य सेवाएं भी महंगी हो गई हैं, जिसे देखते हुए बीमा कंपनियां प्रीमियम में इजाफा कर रही हैं। कई पॉलिसियां उस चरण में पहुंच चुकी हैं, जहां प्रीमियम बढ़ाना जरूरी हो गया था। सामान्य बीमा परिषद के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022 तक बीमा कंपनियों ने कोविड संबंधित स्वास्थ्य बीमा दावों के मद में 25,000 करोड़ रुपए रकम का भुगतान किया है। वित्त वर्ष 2021 के 7,900 करोड़ रुपए की तुलना में यह रकम तीन गुना अधिक है। पिछले वर्ष अप्रैल-मई में बड़ी संख्या में लोग कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर की चपेट में आए थे। बीमा कंपनियां तब प्रीमियम बढ़ाती हैं, जब उनकी स्वास्थ्य पॉलिसियों पर नुकसान का अनुपात अधिकतम सीमा पार कर जाता है।

### जेनरिक औषधियों पर ध्यान कें?द्रित करें दवा कंपनियां: गोयल

**मुंबई)।** केंद्रीय उद्योग एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू दवा उद्योग से जेनेरिक औषधियों में खुद को मजबूत बनाने और दवाओं के कच्चे माल एवं उत्पादन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने को कहा। जेनेरिक दवाओं से आशय वैसी आषधियों से हैं, जिसका पेटेंट समाप्त होने के बाद मूल कंपनी के अलावा अन्य कंपनियों को उसे बनाने की अनुमति होती है और अपेक्षाकृत सस्ती होती हैं। गोयल ने भारतीय दवा विनिर्माता संघ के हाल ही में स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि फार्मा उद्योग को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां का सामना करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना बनाकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा ?कि पिछले दस वर्षों में देखी गई जबरदस्त वृद्धि को आगे भी बनाए रखना चाहिए ताकि हम आत्मनिर्भर बन सकें। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के बारे में कुछ पूर्वानुमान लगा पाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। चुनौतियों का दायरा कल्पना से भी अधिक गंभीर होता जा रहा है। गोयल ने कहा कि ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि हम न केवल जेनरिक दवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूती पर ध्यान दें बल्कि अपने कच्चे माल एवं उत्पादन के बीच तालमेल को भी बनाए रखें। उन्होंने कहा ?कि हमें लंबे समय में अधिक-से-अधिक आत्मनिर्भर बनने की योजना बनानी चाहिए। इस तरह हम दुनिया के सामने ताकतवर देश के विश्वास के साथ जाएंगे और अपने उद्योग के बेहतर भविष्य के लिए दुनिया के साथ समान शर्तों पर काम करेंगे। गोयल ने कहा कि भारत को दुनिया के स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र का संरक्षक बनने का इरादा लेकर चलना चाहिए। हरेक देश अपने प्रमुख उद्योग को संरक्षण देता है और मेरा मानना है कि हमारे लिए यह प्रमुख उद्योग फार्मा है।

# आईपीएल में हुआ टाइटंस ओर सीएसके टीम के बीच मुकाबला




**पुणे।** आईपीएल में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला नई टीम गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। सीएसके की टीम के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है और अब तक उसे पांच में से केवल एक मैच में जीत मिली है। वहीं गुजरात को अब तक एक बार ही हार का सामना करना पड़ा है।

दोनो ही टीमों की कप्तानी ऑलराउंडर खिलाड़ियों के पास है। सीएसके की कप्तानी रविन्द्र जडेजा कर रहे हैं जबकि गुजरात की हार्दिक पंड्या। ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य जीत दर्ज कर अपने कौशल को दिखाना होगा। गुजरात टाइटन्स को अब तक एकमात्र हार सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हालांकि टीम ने राजस्थान रॉयल्स पर मिली जीत से बाद अच्छी वापसी की है। जडेजा को हालांकि टीम के साथ कठिन दौर का सामना करना पड़ा जिसमें टीम ने अपने पहले चार मैच खो दिये थे पर इसके बाद उसे आरसीबी पर एक जीत मिली है। सीएसके टीम की गेंदबाजी भी कमजोर साबित हुई है जिससे उसकी परेशानियां बढ़ सकती हैं। सीएसके ने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था और इस दौरान महीश तीक्षणा और कप्तान जडेजा की जोड़ी ने सात विकेट लिए थे पर ऑलराउंडर दीपक चाहर के बाहर होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है। चाहर अभी तक अपनी चोट से उबर नहीं पाये हैं।

क्रिस जोर्डन और ड्वेन ब्रावो ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में ब्रावो ने काफी रन दे दिये। वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की गेंदबाजी काफी प्रभावी है जिसका सामना करना सीएसके टीम के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। गुजरात के पास लॉकी फर्ग्यूसन , गेंदबाज मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज हैं। कप्तान पंड्या ने भी अब तक इस सत्र में अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा टीम के पास स्टार स्पिनर राशिद खान भी हैं हालांकि टीम की बल्लेबाजी कमजोर है और इसके लिए वह युवा शुभमन गिल , मैथ्यू वेड , डेविड मिलर और औ पंड्या पर आधारित रहेगी। वेड और मिलर का बल्ला अब तक खामोश रहा है जिससे टीम की बल्लेबाजी कमजोर हुई हे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

**चेन्नई सुपर किंग्स:**

रविंद्र जडेजा (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, मोइन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दुबे , ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।

### गुजरात टाइटन्स:

हार्दिक पंड्या (कप्तान), राशिद खान, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, लॉकी फर्ग्यूसन, अभिनव सदरंगानी, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, विजय शंकर, जयंत यादव, डोमिनिक ड्रेक्स, दर्शन नालकांडे, यश दयाल, अल्जारी जोसेफ , प्रदीप सांगवान, डेविड मिलर, ऋद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, वरुण आरोन, बी साई सुदर्शन।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में छाये स्पिनर

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2023 चक्र में अब तक तेज गेंदबाजों से स्पिनरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस बार डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक के शीर्ष पांच गेंदबाजों में से चार स्पिनर हैं। इसमें न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल , पाकिस्तान के ऑफ ब्रेक स्पिनर साजिद खान ओर वेस्टइंडीज के केशव महाराज भी शामिल हैं। एजाज ने भारत दौरे में 10 विकेट लिए थे। वहीं इन गेंदबाजों में पाकिस्तान के ऑफ ब्रेक स्पिनर साजिद खान का 8 विकेट और दक्षिण अफ्रीकी लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज के 7-7 विकेटों के दो आकर्षक स्पैल शामिल हैं। वहीं पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर साजिद ने ढाका के शेर-ए-बंगला स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन 8 दिसंबर को पहली पारी में 8 विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने यह मैच पारी और 8 रन से जीत लिया था। इसके अलावा केशव ने हाल ही में मार्च-अप्रैल में घर पर बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दोनों मैचों में शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से टीम को बड़ी जीत दिलाई थी। उन्होंने पहले मैच की दूसरी पारी में 32 रन देकर 7 विकेट लिए थे और दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 220 रन से जीत लिया था। डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक शानदार गेंदबाजी करने वालों की टॉप पांच की सूची में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी मौजूद हैं। उन्होंने इस साल फरवरी-मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# भविष्य के लिए तैयार कर रहे टीम: सूर्यकुमार

**मुंबई।** मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने प्रशंसकों से कहा है कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इसी का वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी है। सूर्यकुमार के अनुसार आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम आयेंगे क्योंकि भविष्य को देखते हुए टीम तैयार की जा रही है। मुंबई इंडियंस आईपीएल के इस सत्र में अपने शुरूआती सभी पांच मैच हारने के कारण प्लेऑफ की दौड़ से भी दूर होती नजर आ रही है। इसका कारण यह है कि अब उसे प्लेऑफ में जगह बनाने बचे हुए नौ मैचों में से आठ जीतने होंगे जो उसके वर्तमान प्रदर्शन को देखते हुए संभव नजर नहीं आता है।

इस बल्लेबाज ने कहा, 'जैसा कि आपने नीलामी में देखा, हम अगले तीन-चार वर्षों के लिए नई टीम बना रहे हैं, अगले कुछ वर्षों में आपको इस टीम में कुछ शानदार खिलाड़ी देखने को मिलेंगे।% इसी के तहत पहली बार शामिल दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस और युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इस बार अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींच है। उन्होंने कहा, 'काफी चीजें सकारात्मक रहीं, आप डेवाल्ड और तिलक तथा अन्य कई नये चेहरों को देख सकते हो।% आईपीएल की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को खरीदा था पर वह पफिट नहीं होने के कारण इस सत्र में नहीं खेल पाये हैं। इससे भी टीम को नुकसान हुआ है।

ऐसे में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर जरुरत से ज्यादा भार आ गया। इसके अलावा उन्हें अन्य गेंदबाजों डेनियल सैम्स, टाइमल मिल्स, बासिल थम्पी और जयदेव उनादकट से सहयोग नहीं मिला है।

## वरूण को आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा

**मुंबई ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रहस्यमयी स्पिनर वरूण चक्रवर्ती का उम्मीद है कि अपनी गेंदबाजी में विविधता के बल पर वह आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। आईपीएल के इस सत्र में धीमी शुरूआत को लेकर वरूण निराश नहीं हैं। वह बेहतर गेंदबाज के रूप में उभरने के लिये अपनी नयी विविधता पर ध्यान दे रहे हैं। इस गेंदबाज ने पिछले सत्र में केकेआर की ओर से 17 मैचों में 18 विकेट लिये थे पर इस बार अब तक पांच मैचों में वह चार ही विकेट ले पाये हैं। उन्होंने कहा ,'' यह तो होना ही है क्योंकि बल्लेबाज मेरे लिये रणनीति बनाकर उतरते हैं। पिछली बार भारतीय चरण में मैने सात मैचों में छह या सात विकेट लिये थे। इसके बाद और विकेट लिये तो आप अनुमान नहीं लगा सकते कि कितने विकेट मिलेंगे।'' उन्होंने कहा ,'' मैं एक नयी गेंद पर काम कर रहा हूं। अगर यह सफल रही तो मेरी गेंदबाजी को नया आक्रमण मिलेगा।''

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में भारत सहित आठ देशों की टीमें भाग लेंगी

**मुंबई)।** देश और दुनिया भर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता जगाने के लिए आयोजित की जा रही टी-20 क्रिकेट लीग (रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज) का दूसरा संस्करण चार जून से शुरु होगा। यह सीरीज तीन जुलाई तक तीन स्थानों लखनऊ, इंदौर और जोधपुर में खेली जाएगी और इसमें मेजबान भारत सहित आठ देशों ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, बंगलादेश, श्रीलंका की टीमें भाग लेंगी। न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस सत्र से जुड़ी नई टीम है। वह इस 30 दिवसीय आयोजन के दौरान भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बंगलादेश और इंग्लैंड लीजेंड्स के साथ जुड़ेगी।

यह टूर्नामेंट भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसको लेकर कहा, 'सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला क्रिकेट के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए एक बहुत अच्छी पहल है। हम चाहते हैं कि देश में हर व्यक्ति जागरुक हो और सड़क पर चलते वक्त हर नियम और कानून का पालन करे। ऐसा सुनिश्चित करने के लिए हमें लोगों में जागरुकता पैदा करनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह श्रृंखला भारतीय सड़कों पर जीवन बचाने के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होगी।

वहीं केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आयोजन की सफलता की उम्मीद करते हुए कहा, 'मुझे भरोसा है कि रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देगी और सड़क तथा सड़क सुरक्षा पर लोगों के व्यवहार के प्रति उनकी मानसिकता को प्रभावित करने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगी।%

## मर्लिन ग्रुप कोलकाता के सॉल्ट लेक में बनाएगी गगनचुंबी इमारत

**कोलकाता।** कोलकाता की रियल्टी क्षेत्र की कंपनी मर्लिन ग्रुप शहर के आईटी केंद्र सॉल्ट लेक के सेक्टर-पांच में 200 करोड़ रुपये की लागत से गगनचुंबी इमारत का निर्माण करेगी। कंपनी अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित वाणिज्यिक केंद्र 'द समिट में 28 मंजिले होंगी और यह 348 फुट ऊंची इमारत होगी। यह सेक्टर-पांच का सबसे ऊंचा व्यावसायिक स्थान होगा। अभी सबसे ऊंची इमारत पीएस सृजन कॉपोरेट पार्क 'आईटी ब्लॉक' की है, जो 295 फुट ऊंची है। कोलकाता की सबसे ऊंची आवासीय इमारत 'द 42' है। यह 853 फुट ऊंची है और इसमें 65 मंजिले हैं। 'द समिट पूर्वी भारत का पहला आईटी और आईटीईएस टॉवर होगा, जिसे भारतीय हरित इमारत परिषद से हरित इमारत और हेल्थ एंड वेलनेस का दोहरा प्रमाणीकरण मिलेगा। मर्लिन ग्रुप के प्रबंध निदेशक साकेत मोहता ने कहा, कोरोना माहमारी अब खत्म हो रही है, कंपनियां अपने कार्यालयों को फिर से खोल रही हैं और कर्मचारियों को कार्यालय से काम करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हमने 'द समिट' में स्टार्टअप और एमएसएमई क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे कार्यालयों की योजना बनाई है जिनका क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट से शुरू होगा।'' मोहता ने कहा कि यह व्यावसायिक परियोजना 2025 तक पूरा हो जाएगी।

## इवोलेट पॉनी ईजेड सिंगल चार्ज में चलेगा 80 किलोमीटर

**मुंबई।** मंहगे होते पेट्रोल के कारण इलेक्ट्रिक स्कूटर को लेकर देश में काफी क्रेज है। पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के कारण बाइक और स्कूटर रखने का खर्च बहुत बढ़ गया है। इसकारण लोग इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने में आम आदमी के आड़े इनकी कीमत आ रही है। अभी ये मार्केट में नए आए हैं। इनकी लाइफ को लेकर लोगों में काफी शंकाएं हैं। होंडा, चेतक और ओला के स्कूटर काफी महंगे हैं। इसकारण लोग इन्हें लेने में थोड़ी आनाकानी कर रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि बाजार में अच्छे और सस्ते इलेक्ट्रिक स्कूटर नहीं हैं।

# एयर इंडिया के टॉप मैनेजमेंट में किया गया बड़ा फेरबदल




**मुंबई।** सरकारी से टाटा ग्रुप की हुई ?विमानन कंपनी एयर इंडिया के प्रमुख मैनेजमेंट में बड़ा फेरबदल ?किया गया है। एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने निपुण अग्रवाल को चीफ कमर्शियल ऑफिसर और सुरेश दत्त त्रिपाठी को चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर नियुक्त किया। अग्रवाल जो टाटा संस में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं वे एयर इंडिया के बड़ी अधिकारी मीनाक्षी मलिक की जगह लेंगे। वहीं 2012 से 2021 तक टाटा स्टील में ह्यूमन रिसोर्स के उपाध्यक्ष रहे त्रिपाठी अब एयर इंडिया में अमृता शरण का स्थान लेंगे। यह आदेश चंद्रशेखरन द्वारा जारी किया गया था जो टाटा संस के अध्यक्ष भी हैं। यहां ये भी उल्लेख किया गया है कि मीनाक्षी मलिक और अमृता शरण वर्तमान में चंद्रशेखरन की सलाहकार होंगी क्योंकि अभी तक टाटा समूह ने एयर इंडिया के सीईओ की नियुक्ति नहीं की है। आदेश में कहा गया है कि पहले टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में काम कर चुकेसत्या रामास्वामी को एयर इंडिया में चीफ डिजिटल एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर नियुक्त किया गया है। राजेश डोगरा को एयर इंडिया में हेड ऑफ कस्टमर एक्स्पीरियंस एंड ग्राउंड हैंडलिंग के रूप में नियुक्त किया गया था।

वहीं एयर इंडिया के बड़े अधिकारी आरएस संधू एयर इंडिया में चीफ ऑफ ऑपरेशंस के पद पर बने रहेंगे। एयर इंडिया के दूसरे दिग्गज अधिकारी विनोद हेजमादी चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभालते रहेंगे। चंद्रशेखरन ने आदेश में कहा ?कि नियुक्त किए गए नए अधिकारी फंक्शनल और डिपार्टमेंट हेड के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग कर सकेंगे। गौरतलब है ?कि सरकार ने प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद पिछले साल 8 अक्टूबर को एयर इंडिया को टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी की सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड को 18,000 करोड़ रुपए में बेच दिया।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई ।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें सप्ताह गिरावट आई है। 8 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 2.471 अरब डॉलर घटकर 604.004 अरब डॉलर रह गया। बीते पांच सप्ताह विदेशी मुद्रा 28.5 अरब डॉलर घट चुका है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से हाल ही में जारी ?किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले 1 अप्रैल 2022 को खत्म हुए सप्ताह में यह रिकॉर्ड 11.173 अरब डॉलर घटकर 606.475 अरब डॉलर रह गया था। 25 मार्च, 2022 को समाप्त हुए सप्ताह में यह 2.03 अरब डॉलर घटकर 617.648 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 18 मार्च, 2022 को समाप्त हुए सप्ताह में यह 2.597 अरब डॉलर घटकर 619.678 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले 11 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में यह 9.646 अरब डॉलर घटकर 622.275 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के जारी ?किए गए साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 8 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट मुख्य रूप से फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) में आई कमी की वजह से हुई जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रिजर्व बैंक ने कहा कि रिपोर्टिंग वीक में भारत की एफसीए 10.7 अरब डॉलर घटकर 539.727 अरब डॉलर हो गई। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। गौरतलब है देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3 सितंबर, 2021 को खत्म हुए सप्ताह में 642.453 अरब डॉलर के सार्वज?निक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## बाइडन ने तेल पर रॉयल्टी की दर बढाई



**मोंटाना।** अमेरिका के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि वह देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन में पहली बार देश में सार्वजनिक तेल और गैस खनन का पट्टा बेचने की योजना बना रहा है लेकिन कंपनियों के लिए रॉयल्टी की दर बढ़ाई जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि अब नए पट्टे के लिए रॉयल्टी की दर को 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर कर 18.75 प्रतिशत कर दिया गया है। यह 50 प्रतिशत की वृद्धि है। संघीय सरकार ने 1900 सदी की शुरुआत के बाद पहली बार रॉयल्टी की दरों में वृद्धि की है। उल्लेखनीय है कि बाइडन ने जनवरी 2021 में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के महज एक सप्ताह के बाद नए पट्टे जारी करने की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया था। बहरहाल, लुइसियाना के संघीय न्यायाधीश ने इसकी बिक्री बहाल करने का आदेश जारी करते हुए कहा था कि आंतरिक मंत्रालय के अधिकारियों ने उन्हें रद्द करने के लिए कोई तार्किक जवाब नहीं दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में ?लिया गया फैसला बाइडन पर अमेरिकी कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करने और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को कम करने को लेकर विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन द्वारा बनाए गए दबाव के बाद आया है क्योंकि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी और यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पहले ही दबाव है।

## गरमाया एसी बाजार, मार्च में ही बिक गए 15 लाख एसी



**नई दिल्ली।** देश में इस साल अभी से गर्मी ने रेकॉर्ड तोड़ ?दिय है। कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जिसकी वजह से एसी की मांग बढ़ गई है। माना जा रहा है केवल मार्च में ही एसी की बिक्री 15 लाख यूनिट के पार पहुंच गई। कई कंपनियों का कहना है कि इस साल एसी की बिक्री के रेकॉर्ड टूटने जा रहे हैं। एसी बनाने वाली पैनासोनिक, वोल्टास, एलजी और लॉयड्स जैसी कंपनियों का कहना है कि इस साल बंपर बिक्री की उम्मीद है। इससे पहले दो साल तक कोरोना से जुड़े लॉकडाउन और पाबंदियों के कारण उनकी बिक्री प्रभावित हुई थी। यही वजह है कि इस बार एसी की बंपर बिक्री हो सकती है। पैनासोनिक के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी का कहना है ?कि पेंट अप मांग बहुत ज्यादा है और एसी का बाजार महामारी के पहले के स्तर से भी बड़ा हो रहा है। कोरोना से पहले 2019 में एसी की कुल बिक्री 75 लाख यूनिट रही थी। इस साल यह 92 से 95 लाख यूनिट रह सकती है। हम इस बार रेकॉर्ड बनने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि सप्लाई की समस्या अब भी बनी हुई है। देश में अब भी एसी की संख्या दुनिया के कई देशों के मुकाबले कम है। देश में कुल छह फीसदी लोगों के पास एसी है। वोल्टास का कहना है ??कि इस बार मांग बहुत ज्यादा है। पिछले महीने बिक्री अच्छी रही। अप्रैल में इसके और बेहतर होने की संभावना है।

# मेरे पास ऐसा कोई नहीं है, जिसे मैं कॉल या मैसेज करूं : निधि अग्रवाल



अभिनेत्री निधि अग्रवाल का कहना है कि वह जब भी अपने दोस्तों के साथ बाहर जाती हैं, तो वे खासी एहतियात बरतती हैं। वह नहीं चाहती हैं कि उनके बारे में कयास लगाए जाएं कि वह किसे डेट कर रही हैं। निधि ने कहा, पेपराज्जी द्वारा मुझे स्पॉट करने की कुछ घटनाओं के बाद अब मैं बहुत सावधानी बरतती हूं। यहां तक कि अपने दोस्त के साथ डिनर पर जाते हुए भी मैं बहुत एहतियात बरतती हूं। मैं नहीं चाहती हूं कि मुझे लेकर अफवाहें उड़ें या किसी के साथ मेरा बेवजह नाम जोड़ा जाए। अभिनेत्री इस समय तेलगु सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म कर रही हैं। वह कहती हैं, मेरी जिंदगी शानदार है। मैं लगातार ट्रैवल कर रही हूं। मैं पूरी तरह सिंगल हूं। मेरे पास ऐसा कोई नहीं है, जिसे मैं मैसेज करूं या कॉल करूं। कई बार जब मैं दूसरों को फोन पर देखती हूं, तो मैं सोचती हूं कि मैं किसे मैसेज करूं। इसके बाद मैं अपने मैनेजर को मैसेज कर देती हूं। क्या वह किसी रिलेशनशिप में बंधने के लिए तैयार हैं इसे लेकर वह कहती हैं, पहली बात तो इसके लिए मेरा किसी ऐसे इंसान से मिलना जरूरी है। फिर चीजें आगे बढ़ेंगी। लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं, जब मेरी जिंदगी में कोई आ जाएगा मैं तब भी खुश होऊंगी।

## मवाली दिल सॉन्ग और निकिता गांधी का अंदाज

मूल ट्रैक मवाली दिल के वीडियो में निकिता गांधी कुछ पंक्तियां गाती हुई एक कैमियो करते हुए नजर आयी थी। निकिता स्वतंत्र संगीत में काम कर रही हैं। हालांकि मवाली के मूल ट्रैक को शाश्वत द्वारा लिखा और संगीतबद्ध किया गया है, निकिता ने गाने के लिए एक मजबूत जुड़ाव महसूस किया और इसको अपने अन्दाज में पेश करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, निकिता ने गाने का एक कवर किया है क्योंकि वह व्यक्तिगत रूप से गैर-फिल्मी संगीत का समर्थन करती है और वह ओरिजनल ट्रैक से प्यार करती है। इसे रिलीज से एक दिन पहले शूट किया गया था। शूटिंग मारबेला, कोलकाता के एक मनमोहक छोटे कैफे में हुई।गाने पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, निकिता कहती हैं, मवाली दिल एक ऐसा गाना है, जिस पर मैंने शाश्वत के साथ मिलकर काम किया, क्योंकि मैं गाने की शुरुआत से ही गाने का हिस्सा थी। यह मूल ट्रैक के लिए मेरा ट्रिब्यूट है। यह गीत मेरे लिए हमेशा खास रहा और इस रीमेक को बनाना वास्तव में इस खूबसूरत गाने के लिए बहुत बड़ी बात है।



## नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग का ट्रेलर रिलीज

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेघा स्टार सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। फिल्म में नागार्जुन का एक्शन अवतार फैन्स को देखने को मिलेगा। इस फिल्म में नागार्जुन एनआईए के एक स्पेशल ऑफिसर बने हैं। ट्रेलर में नागार्जुन आतंकवादियों से दो- दो हाथ करते नजर आएंगे। फिल्म में नागार्जुन के किरदार का नाम विजय वर्मा है, जिसे वाइल्ड डॉग भी कहते है। बता दें कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें हैदराबाद में हुए आतंकी हमले को दर्शाया गया है। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन अहीशोर सोलोमन ने किया है जबकि इसका म्यूजिक थमन ने दिया है। फिल्म में नागार्जुन के साथ दीया मिर्जा, सैयामी खेर, अतुल कुलकर्णी, अली रजा, रुद्र प्रदीप, अनीश कुरुविला, केसी शंकर, शाद अली भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# चारू असोपा ने लगाया हॉटनेस का तड़का, फोटो वायरल



अपने बोल्ड अवतार में नजर आई चारू असोपा, फोटो वायरल एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा इस समय अपने पति राजीव सेन के साथ वैकेशन पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। हाल ही में चारु ने सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटोज शेयर की, जिसमें वह रेड बिकिनी में नज़र आ रही हैं। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा इस समय अपने पति राजीव सेन के साथ वैकेशन पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। हाल ही में चारु ने सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटोज शेयर की, जिसमें वह रेड बिकिनी में नज़र आ रही हैं। चारू असोपा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को पंसद करने के साथ ही फैंस इस पर लगातर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। चारु की तस्वीरों को देखकर मालूम होता है कि वो किसी बेहद खूबसूरत रिजॉट में ठहरी हैं। बता दें कि चारू अक्सर सिर्फ अपनी बल्कि पति राजीव के साथ भी अपनी रोमांटिक तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर करती रहती हैं जिसे उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। राजीव सेन ने 27 फरवरी 2021 को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी पत्नी चारू असोपा के बर्थडे सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की थी।

# एक साथ फिल्म में नजर आएंगे प्रभास और ऋतिक रोशन, बॉक्स आफिस पर लगेगी आग



साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रभास आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स आफिस पर धमाका करने वाले है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेता प्रभास के खाते में करीब 4 बड़े बजट की धांसू फिल्में है। जिसकी तैयारी वो पिछले काफी समय से कर रहे है। अभिनेता इन दिनों अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रहे है। वहीं उनकी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म राधे श्याम भी है। अब अभिनेता प्रभास के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसको सुनने के बाद प्रभास के फैंस की खुशी सातवें आसमान पर पहुंच जाएगी। इस वक्त की आई ताजा खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि अभिनेता प्रभास ने फिल्म वॉर के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद के साथ एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। जिसमे बॉलीवुड के मशहूर हैंडसम हंग और डांसर अभिनेता ऋतिक रोशन भी उनके साथ ही दिखाई देंगे। सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म को अगर दोनों कलाकारों की तरफ से मंजूरी मिल जाती है तो यकीन मानिए बॉक्स आफिस पर आने वाले दिनों में जबरदस्त धमाका होना तय है। सिर्फ इतना ही नहीं प्रभास और ऋतिक रोशन की फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा।



## स्पेशल ऑप्स 1.5 में आफताब शिवदासानी

नीरज पांडे और फ्राइडे स्टोरीटेलर्स ने स्पेशल ऑप्स 1.5...द हिम्मत स्टोरी के लिए आफताब शिवदासानी को साइन कर लिया है। यह उनके शो स्पेशल ऑप्स के बाद स्पेशल ऑप्स यूनिवर्स की अगली किस्त है, जिसे पिछले साल डिज़्नी हॉटस्टार पर रिलीज़ किया था और सुपरहिट साबित हुआ था। आफताब ने साझा किया, नीरज पांडे जैसे फिल्म निर्माता के साथ उनके बैनर फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के तहत काम करना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। स्पेशल ऑप्स यूनिवर्स का हिस्सा बन कर रोमांचित हूं, एक शो जिसे मैंने एक दर्शक के रूप में अच्छी तरह से एन्जॉय किया और अब मैं इसकी कास्ट के एक सदस्य के रूप में इसे अनुभव कर रहा हूं। नीरज पांडे कहते हैं, फ्राइडे स्टोरीटेलर्स में आफ़ताब शिवदासानी को शामिल कर के हमें अत्यंत खुशी हो रही है। वह स्पेशल ऑप्स 1.5 कलाकारों की टुकड़ी में एक रोमांचक अडिशन है और हम उनके साथ काम करनने के लिए तत्पर हैं। बता दें कि स्पेशल ऑप्स का पहला सीज़न मार्च 2020 में लॉन्च किया गया था।



# पहले दिन राजकुमार-जाह्नवी की फिल्म रूही ने मचाया धमाल



महाशिवरात्रि पर रिलीज हुई राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म रूही ने कमाई के मामले में हैरान कर दिया है। कोरोना महामारी के चलते भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, फिल्म ने नेशनल मल्टीप्लैक्स ने लगभग 1.89 करोड़ कमाए, वहीं टायर 2 सीटीज में भी डीसेंट कमाई की। फिल्म ने गुरुवार को कुल 3.06 करोड़ की कमाई की। इस फिल्म को देखने के बाद बोनी कपूर ने कहा था- ये हॉरर-कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। वास्तव में इसमें डरावने और फनी मोमेंट्स हैं। ऑडियंस को हॉरर कंटेंट पर हंसी का डोज मिलेगा। मेरी प्रार्थनाएं फिल्म के साथ हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि ऑडियंस फिल्म देखने के लिए थिएटर जाएगी। जाह्नवी, राजकुमार राव और वरुण शर्मा रूही में शानदार है। जाह्नवी इतनी मेहनत कर रही हैं। वो हर फिल्म के साथ बेहतर होना चाहती हैं। उसकी मां (श्रीदेवी) को उस पर गर्व होता। हॉरर-कॉमेडी रूही को महाशिवरात्रि की छुट्टी का बड़ा फायदा हुआ है। इसके अलावा ओपनिंग डे पर एडवांस बुकिंग भी अच्छी थी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आगे शनिवार और रविवार तक फिल्म का टिकट की खिड़की पर क्या हाल होता है।

# बर्फ के ये फायदे जानकर चौंक जाएंगे आप, जरूर पढ़े!



आप बर्फ का इस्तेमाल तो खूब करते होंगे. कभी पानी में या शरबत या अन्य किसी चीज़ में लेकिन क्या आप जानते हैं बर्फ का इस्तेमाल आप और भी कई चीज़ों में कर सकते हैं बर्फ का इस्तेमाल दवाई के रूप में भी कर सकते हैं तो, सुंदर दिखने के लिए भी कर सकते हैं आइये जानते हैं बर्फ के ये फायदे....

1. कड़वी दवाई खाने से पहले मुंह में बर्फ का टुकड़ा रख लें, दवाई कड़वी ही नहीं लगेगी।
2. यदि आपने बहुत ज्यादा खा लिया है और खाना पच नहीं रहा, तो थोड़ा-सा बर्फ का टुकड़ा खा ले। खाना शीघ्र पच जाएगा।
3. यदि आपके पास मेकअप का भी समय नहीं है या आपकी त्वचा ढीली पड़ती जा रही है तो एक बर्फ का छोटा-सा टुकड़ा लेकर उसे किसी कपड़े में (हो सके तो मखमल का) लपेट चेहरे पर लगाइए। इससे आपके चेहरे की त्वचा टाइट होगी और यह टुकड़ा आपकी त्वचा में ऐसा निखार ला देगा जो और कहीं नहीं मिलेगा।
4. प्लास्टिक में बर्फ का टुकड़ा लपेटकर सिर पर रखने से सिरदर्द में राहत मिलती है।
5. यदि आपको शरीर में कहीं पर भी चोट लग गई है और खून निकल रहा है तो उस जगह बर्फ मसलने से खून बहना बंद हो जाता है।
6. कांटा चुभने पर बर्फ लगाकर उस हिस्से को सुन्न कर ले, कांटा या फांस आसानी से निकल जाएगा और दर्द भी नहीं होगा।
7. अंदरुनी यानी गुम चोट लगने पर बर्फ लगाने से खून नहीं जमता व दर्द भी कम होता है।
8. नाक से खून आने पर बर्फ को कपड़े में लेकर नाक के ऊपर चारों और रखें, थोड़ी देर में खून निकलना बंद हो जाएगा।
9. धीरे-धीरे बर्फ का टुकड़ा चूसने से उल्टी बंद हो जाती है।
10. पैरों की एड़ियों में बहुत ज्यादा तीखा दर्द हो तो बर्फ की क्यूब मलने से आराम मिलेगा।
11. आंखों के काले घेरे दूर करने के लिए खीरे के रस और गुलाब जल को मिलाकर बर्फ जमा लीजिए, फिर उस टुकड़े से काले घेरों पर मालिश करे, बहुत जल्द आपकी समस्या दूर होगी। और यदि ज्यादा देर मोबाइल या कंप्यूटर चलाने के बाद आपकी आंखें दर्द कर रही हैं।

## गर्मियों में किसी अमृत से कम नहीं है तरबूज, जानें इसके हैरान कर देने वाले फायदे



गर्मी शुरू हो चुकी है, ऐसे में धूप और लू के असर से खुद को बचाने के लिए ढेर सारी पानी पीजिए और पानी से भरपूर तरबूज खाइए। अपने शरीर को कुछ पोषण देने का सबसे आसान तरीका तरबूज का इस्तेमाल है। गर्मी के इस फल में कई फायदे छिपे हुए हैं और आप पर जादुई काम करता है। अगर आप अभी भी उसे अपनी डाइट में शामिल करने के बारे में आश्वस्त नहीं हैं, तब कुछ वजहों को जानिए कि क्यों तरबूज गर्मी का एक सबसे स्वस्थ फल है।

**इम्यून सिस्टम:** तरबजू में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाता है। तरबूज में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है।

**आंखों के लिए अच्छा:** रोज़ाना तरबूज खाने से आंखें भी स्वस्थ रहती हैं। ये बीटा कैरोटीन का एक शानदार स्रोत है जो विटामिन ए में हमारे शरीर में परिवर्तित हो जाता है। विटामिन ए रतौंधी से आंखों को मुक्त रखने का जिम्मेदार है। इसलिए तरबूज खाने का कुछ समय निकालें।

## मोहन भागवत - मुंगेरीलाल के हसीन सपने

**विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

आज प्रभाती में समाचार पत्र के माध्यम से यह शुभ जानकारी मिली की भारत फिर से अखंड भारत बनेगा। सबसे पहले चश्मा पौंछा और फिर से समाचार पढ़ा ,तो जंचा की सही लिखा हैं। भागवत जी अखंड भारत तो नहीं बना पायेगें पर महाभारत जरूर कराएँगे। सबसे पहले अखंड भारत की व्याख्या बताएं। अखंड यानी ऐतहासिक या राजनैतिक नक्शा के अनुसार भारत की कल्पना।

इतिहास में पढ़ा था की भारत वर्ष अफगानिस्तान से जावा ,सुमात्रा तक फैला था। और याद के आधार पर जरूर कह सकता हूँ और भी विस्तृत होगा।

महाभारत की घटना में सुई की नौक बराबर जमीन न देने पर कौरव पांडव युध्य हुआ था और भगवान् कृष्ण स्वयं मौजूद थे वे नहीं दिला पाएं जमीन। आज हमारे देश में सर्वमान्य नेता कौन हैं ?चुने हुए प्रतिनिधि हमेशा एक को हराकर जीतते हैं उनमे कलुषता रहती ही हैं। बहुमत के आधार पर सत्ता पा सकते हैं पर दिलों पर राज नहीं कर सकते। अखंड भारत की कल्पना का उद्देश्य क्या हैं समझ से परे लगता हैं। कारण पाकिस्तान ,अफगानिस्तान ,बांग्ला देश ,बर्मा आदि को अधिग्रहित करेंगे यानी हम भी विस्तारवादी नीति को बढ़ावा देंगे। क्या अन्य पडोसी राष्ट्र इतनी जल्दी स्वीकार लेंगे। आज रूस और यूक्रेन का युध्य किस बात पर लड़ा जा रहा हैं। अहम और अस्तित्व की लड़ाई। कोई भी किसी की अधीनता नहीं स्वीकार कर सकता हैं। यदि यह भाव वर्तमान में हमारे पडोसी चाहे तो क्या आप स्वीकार करेंगे ? यह असाध्य रोग हैं ,और असाध्य रोग और रोगी के लिए चिंता नहीं करनी चाहिए मरीज़ और चिकित्सक को। वर्तमान में सब शक्तिशाली हैं और शक्ति हीन कमजोर को मानना अज्ञानता होती हैं। जैसे आप अपनी मातृ भूमि के प्रति दीवानी रखते हैं वैसे सब रखते हैं। इसलिए इस बात में कोई दम नहीं हैं।

हमें अखंड भारत की अपेक्षा शिक्षित ,सम्पन्न,सुख शांति मय बनाने का प्रयास करे। जो पूर्व में हमारे इष्ट जैसे राम ,कृष्ण महावीर ,बुद्ध आदि द्वारा प्रतिपादित मूल सिद्धांतों को भारत में स्थापित करे। भाषणों में नहीं वास्तविकता में। कोरी लफ़्फ़ाज़ी से कुछ नहीं होगा। आज अशांति ,हिंसा ,जातिवाद ,भ्र्ष्टाचार ,अनाचार दुराचार व्यभिचार इतनी अधिक मात्रा में व्याप्त हैं जिनको दूर करना पहली प्राथमिकता होगी। आज हमारी आबादी इतनी अधिक हैं और अन्य देशों को बनाकर अखंड भारत की व्यवस्था बनाना बहुत कठिन होगा। अविभाजित भारत न होता तो वर्तमान में हमारा जीना दुश्वार हो जाता ,कारण जातिगत वैमन्सयता ,कटुटता इतनी गहरी होती जो अकल्पनीय होती। थोड़ा हैं थोड़ी की जरुरत हैं। जो हैं उसी को सँवारे सजाएँ। हमारे हमारे नेता उस पार्टी को ही वर्षों से कोसते आ रहे हैं और वसुदैव कुटुंबकम की बातें करते हैं। ये दोगलापन कब ख़तम होगा। एक बात ध्यान रखना कोई भी जीव किसी अन्य को नुक्सान नहीं पहुँचता। उसके द्वारा किये गए कर्मों का फल स्वयं भोगना पड़ता हैं। उत्थान पतन जीवन का एक क्रम हैं। इसमें हर्ष विषाद की जरुरत नहीं हैं। सबको अपने अपने पुण्य पाप का फल भोगना पड़ता हैं ,कभी जल्दी कभी देरी से ,पर भोगना जरूर पड़ता हैं। जो जन्मा हैं उसका मरण भी निश्चित हैं। अखंड भारत की कल्पना नए युग का महभारत होगा और अंत विनाश।

# धर्म वहीं जहां प्रेम व सद्भाव: जहाँ हिंसा वैमनस्य वहां अधर्म और पाखण्ड

**निर्मल रानी**

पिछले एक पखवाड़े के भीतर देश के अनेक राज्यों से साम्प्रदायिक हिंसा की वारदातों के अफ़सोसनाक समाचार सुनने को मिले। निश्चित रूप से दुनिया का कोई भी सभ्य समाज हिंसा, लूट, बस्ती में आगज़नी करने, हत्या, पत्थरबाज़ी, गोलीबारी, किसी समुदाय के धर्मस्थल पर किसी अन्य समुदाय से संबंधित ध्वज फहराने, लाऊडस्पीकर पर समुदाय विशेष को गलियां देने,उन्हें धमकाने और दहशत फैलाने आदि दुष्कृत्यों को सही या जायज़ नहीं ठहरा सकता। और यदि कोई वर्ग ऐसा है जिसे इसतरह के दो समुदायों को विभाजित करने वाले हालात पर गर्व अथवा ख़ुशी है या उसे इन हालात से किसी तरह का लाभ मिलता है तो निःसंदेह वह वर्ग न केवल असभ्य है बल्कि वह देश और मानवता का दुश्मन भी है चाहे वह किसी भी धर्म अथवा समुदाय का क्यों न हो।

चूँकि सत्ता के नुमाइंदे प्रायः देश के लोगों को यह सलाह देते हैं कि उन्हें %आपदा में भी अवसर% की तलाश करनी चाहिए और मंहगाई या बेरोज़गारी पर हाय तौबा करने के बजाये अपनी सोच नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक रखनी चाहिये। इसीलिये बावजूद इसके कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में रामनवमी के जुलूसों के दौरान हिंसक वारदातों की जितनी ख़बरें इसबार सुनने को मिलीं,पहले कभी नहीं सुनी गयीं। परन्तु इन साम्प्रदायिक हिंसक वारदातों के ठीक विपरीत इसी राम नवमी में देश के अनेक भागों से साम्प्रदायिक सद्भाव की भी अनेक अनूठी ख़बरें सुनाई दीं हैं। यह और बात है कि गोदी मीडिया को हिंसा व आगज़नी की चपेट में आई इंसानी बस्तियों में उठती आग की लपटें और हवा में तलवारें लहराते और दहशत फैलाने वाले धार्मिक उद्घोष व चीख़ पुकार आदि तो उनकी अपनी टी आर पी बढ़ाने के लिये दिखाई व सुनाई दिये। परन्तु देश को सद्भाव का सन्देश देने वाली ख़बरें नज़र नहीं आईं। बेशक देश का एक बहुत बड़ा अमनपसंद वर्ग इस समय देश के सत्ता के संरक्षण से पैदा होने वाले विभाजनकारी व सामाजिक ध्रुवीकरण के हालात से अत्यंत निराश हो चुका है। परन्तु अभी भी इसी देश में रोज़ाना कहीं न कहीं से ऐसी ख़बरें सुनाई देती हैं जिनसे यह उम्मीद बंधती है कि देश पर छाये हिंसा व नफ़रत के काले बादल आज नहीं तो कल ज़रूर छंटेंगे।

उदाहरण तौर पर झारखण्ड की राजधानी रांची में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रामनवमी के जुलूस का शानदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने राम नवमी जुलूस में शामिल अपने हिन्दू भाइयों को मिठाई,गुड़, चना, फल आदि खिलाया और शीतल पेय भी पिलाया। इतना ही नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय से संबंधित कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा से जुड़े विशिष्ट हिन्दू पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उन्हें पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। प्राप्त समाचारों के अनुसार रांची की सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ,रांची पब्लिक स्कूल तथा इमाम बख़्श अखाड़ा सहित अनेक मुस्लिम संस्थाओं,मदरसों व स्कूलों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे से गले मिले एक दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। ऐसा ही समाचार झारखण्ड के ही हज़ारीबाग़ से भी प्राप्त हुआ है। बताया जाता है कि हज़ारी बाग ज़िले की रामनवमी की शोभा यात्रा अपनी भव्यता को लेकर पूरे देश में मशहूर है। । यहाँ की रामनवमी साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये भी प्रसिद्ध है। हमेशा की तरह इस बार भी रामनवमी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर इसमें अपनी सहभागिता दर्ज की। यहाँ भी रामभक्तों का मनोबल बढ़ाते हुये मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उन्हें जगह-जगह पर



सम्मानित किया। इतना ही नहीं बल्कि हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के सर पर केसरिया पगड़ी बाँध उनसे गले मिलकर सौहार्द की मिसाल पेश की। इनमें अनेक मुसलमान तो स्वयं रोज़ा धारण किये होने के बावजूद रामनवमी के जुलूस में हर्षोल्लास से शरीक हुये और खुद भूखे (रोज़ा ) रहकर भी अपने राम भक्त भाईयों को जलपान कराया। झारखण्ड के ही पलामू,मेराल,मेदिनीनगर व गढ़वा आदि जैसे कई स्थानों से भी ठीक इसी तरह के सदभावपूर्ण रामनवमी आयोजन के समाचार मिले हैं। कुछ ऐसी ही %सकारात्मकता% से परिपूर्ण ख़बरें उसी राजस्थान राज्य से आईं जहाँ के करौली क्षेत्र में कुछ दिनों पहले दंगाइयों ने उपद्रव व आगज़नी की घटनाओं को अंजाम दिया था। अब इसी राजस्थान के जयपुर,अजमेर व जैसलमेर जैसे प्रमुख शहरों में रामनवमी के जुलूस पर मुस्लिम समुदाय की ओर से फूल बरसाकर उनका स्वागत करने तथा मिठाइयां व शरबत आदि वितरित करने के समाचार प्राप्त हुये हैं। देश के कई जगहों से जहाँ ऐसे समाचार पहले भी आये और इस बार की रामनवमी के अवसर पर भी सुने गये कि मस्जिद पर कुछ धर्म विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन भगवा झंडा लहराया गया। वहीं केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव से मिलने वाली ख़बर शांति के पक्षधर भारतवासियों में बेशक ÷सकारात्मकता÷ का संचार करती है। दमन दीव के खारीवाड़-मिटनावड़ में स्थित राम मंदिर के शिखर पर मुस्लिम समाज के समाजसेवी शौकत मिठाणी ने भगवा ध्वज अपने हाथों से स्थापित किया। और रामनवमी के जुलूस में भगवान राम की पालकी अपने कन्धों पर उठाकर प्रेम,सद्भाव व भाईचारे का सुबूत पेश किया। बताया जाता है कि यह राम मंदिर शौकत मिठानी ने अपने पैसों से बनवाकर स्थानीय हिन्दू समाज को भेंट किया है।

अभी कुछ दिनों पूर्व ही बिहार राज्य के चंपारण से दुनिया का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर बनाने की तैयारियों की ख़बर सामने आई थी। बिहार के एक मुस्लिम व्यक्ति ने राज्य के पूर्वी चंपारण ज़िले के कैथवलिया इलाक़े में बनने वाले इस मंदिर हेतु 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की अपनी निजी ज़मीन दान में दी है। पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट केअध्यक्ष आचार्य किशोर के अनुसार इश्तियाक़ अहमद ख़ान पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं तथा वर्तमान में गुवाहाटी में कारोबार कर रहे हैं। इश्तियाक़ अहमद ख़ान ने ही 2.5 करोड़ रुपये की ज़मीन विराट रामायण मंदिर निर्माण हेतु दान की है। योजनानुसार यह विराट रामायण मंदिर विश्व के प्रसिद्ध 12 वीं सदी के अंगकोरवाट के मंदिर से भी विराट होगा तथा इसपर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत आएगी।इसी बिहार के मुज़फ़्फ़रपुर ज़िले के मुहम्मदपुर गांव में कुछ उपद्रवियों ने राम नवमी के दिन एक मस्जिद पर भगवा झंडा लहराकर अपनी भी सभ्यता का परिचय दिया था।


## प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए। परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

## शिव का राज~ शिव की मुक्ति~ उमा का हठ....!

**ओमप्रकाश मेहता**

मौजुदा राजनैतिक माहौल में अपने आपको उपेक्षित समझ रही मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने एक बार फिर अपने 'हठयोग' का प्रयोग कर रायसेन किला स्थित भगवान शिव के मंदिर के ताले खुलवाकर शिवलिंग का अभिषेक करने का संकल्प लिया है। उनका संकल्प है कि जब तक रायसेन किला स्थित शिव मंदिर के ताले खोलकर उन्हें अभिषेक नहीं करने दिया जाता है तब तक वे अन्न ग्रहण नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि रायसेन की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन किले में सोमेश्वर महोदव का मंदिर है, जिसके ताले साल भर में एक बार महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों के लिए खोले जाते है और उसी दिन उनका जलाभिषेक और पूजा होती है, अब उमाश्री इस मंदिर के ताले खुलवाने की जिद पर है। इस बार वे हठ जरूर कर रही है किंतु उनके स्वर शासन-प्रशासन विरोधी नहीं है, उन्होंने अपना गंगाजल पात्र ताले खुलने तक के लिए कलेक्टर को सौंप दिया है और कहा है कि ताले खुलने पर वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ यहां आकर जलाभिषेक करेगी और उसके बाद ही अन्न ग्रहण करेगी, अर्थात् कुल मिलाकर इस बार उमाश्री के तेवर तीखे नहीं है और वे धैर्य और शांति से अपनी जिद पूरी करवाना चाहती है, उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उन्होंने सार्वजनिक रूव से शिकायत की थी कि मुख्यमंत्री शिवराज जी उनसे बात नहीं करते, किंतु जब शिवराज ने उन्हें बुलाकर उनके गिले-शिकवे सुन लिए तो फिर उमाश्री संतुष्ट हो गई। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि उमा भारती ने ही 2003 में दिग्विजय शासन के दशक को भंग कर यहाँ भाजपा की सरकार कायम की थी किंतु वे ज्यादा दिन मुख्यमंत्री नहीं रह पाई और न्यायालयीन गैर जमानती वारंट के प्रकरण में उन्हें पद से इस्तीफा देकर बाबूलाल गौर को कुर्सी सौंपना पड़ी थी गौर साहब भी अधिक समय मुख्यमंत्री नहीं रह पाए और शिवराज जी मुख्यमंत्री बन गए, अर्थात् 2015 से लेकर अब तक यदि कमलनाथ जी के शासनकाल के पन्द्रह महीनें निकाल दिए जाए तो तब से शिवराज सिंह जी ही राज्य के मुख्यमंत्री है और वे मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का कीर्तिमान स्थापित कर रहे है।



हाँ, तो बाद साध्वी उमा भारती के हठ की चल रही थी, उमाश्री के तीखे तेवरों के कारण उन्हें ÷अग्निशलाका नैत्री÷ (फॉयर ब्राण्ड लीडर) कहा जाता रहा है, उमा के तेवरों से अब तक मध्यप्रदेश थर्राता रहा है, कई बार उन्होंने क्रोध में हाथ उठाने का भी कृत्य किया, जिसका उदाहरण अपने ही समर्थक अनिलराम को सार्वजनिक तौर पर मारा गया थप्पड़ है। यही नहीं उन्होंने एक बार तो बागी तेवर अपनाकर भाजपा के खिलाफ नई पार्टी का गठन भी किया था, 2013 में भाजपा में वापसी के बाद भी उमा के तेवर पूर्ववत ही रहे। केन्द्रीय मंत्री रहते 2019 में उन्होंने बिना आलाकमान की पूर्व मंजूरी के चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था और अब फिर 2024 का चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

उमाश्री का यह राजनीतिक इतिहास रहा है कि जब-जब उन्होंने पार्टी द्वारा अपने आपको उपेक्षित महसूस किया, तब तब उन्होंने अपने तीखे तेवर अपने दल और सरकार को दिखाये है, वे चूंकि साध्वी रहते हुए हिन्दूत्व की बड़ी पैरोकार रही है, इसलिए उनको देशव्यापी समर्थन भी प्राप्त है, उनका स्वभाव भावुक व अस्थिर है, इसलिए वे कोई भी फैसला भावुकता में बिना उसके परिणाम की कल्पना किये ले लेती है। अर्थात् कुल मिलाकर वे अन्य उन स्थापित नेताओं से अलग है जो काफी सोच समझकर भावी फैसला लेते है।

वे घोषित रूप से अडवानी जी की समर्थक शिष्या रही है और अटल-अडवानी के शासनकाल में उनका राजनीतिक रूतबा काफी शीर्ष पर था, किंतु नरेन्द्र भाई मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी राजनीतिक स्तर पर पूछ-परख काफी कम हो गई, अल्पकाल के लिए वे केन्द्रीय मंत्री रही, किंतु 2019 के बाद वे अपने आपको काफी उपेक्षत महसूस कर रही है और इसी धुन में धार्मिकता की आड़ में वे राजनीतिक नेतृत्व विरोधी बयानबाजी या हठबाजी का फैसला ले लेती है, जैसाकि उन्होंने इस बार रायसेन किले स्थित सोमेश्वर मंदिर के ताले खोलने को लेकर लिया है, फिलहाल तो मुख्यमंत्री या प्रशासन की और से ताले खोलने की कोई तैयारी दिखाइ5 नहीं दे रही है, देखतें है उमाश्री कब तक सत्याग्रह जारी रखती है?

# शहरों पर दबाव

### सूडोकु नवताल- 6043

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

**सिद्दार्थ शंकर**

शहर आकांक्षाओं, सपनों और अवसरों से बने होते हैं। लोग स्तरीय शिक्षा, रोजगार, बेहतर जीवन, बड़े बाजार और ऐसी ही दूसरी संभावनाओं की तलाश में शहरों की ओर आते हैं जो उनकी मौजूदा परिस्थिति में उपलब्ध नहीं होतीं। ऐसे ही तमाम कारणों के चलते गांव, कस्बे, छोटे शहर, बड़े शहर और महानगरों के बीच लोगों के आवागमन का एक सतत चक्र चलता रहता है। मौजूदा समय में यह आंकड़ा 55 फीसद का है। अनियोजित शहरीकरण शहरों पर बहुत अधिक दबाव डालता है और शासन द्वारा निर्धारित नियोजन व क्रियान्वयन की चुनौती बरकरार है। सुशासन का अभिलक्षण है कि संतुलन पर पूरा जोर हो, जहां विकासोन्मुखी नीतियां न्यायपरक तो हों ही, साथ ही इसे बार-बार दोहराया भी जाता रहे। शहरी विकास से संबंधित योजनाएं कई आयामों में मुखर हुई हैं, जिसमें स्मार्ट सिटी के तहत ऐसे शहरों को बढ़ावा देना है जो मुख्यत~ समावेशी सुविधाओं के साथ नागरिकों को एक गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान कर सकें। इसके अलावा स्वच्छ और टिकाऊ पर्यावरण के समावेशन से भी यह अभिभूत हों। सरकार के अमृत मिशन में हर घर में पानी की आपूर्ति और सीवेज सुविधा के साथ नल की व्यवस्था की बात है। स्वच्छ भारत मिशन जहां शौच से मुक्त भारत की



बात करता है, वहीं इसमें नगरीय ठोस अपशिष्ट का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करना भी निहित है। देश में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और अपशिष्ट जल का समुचित निस्तारण पहली और बड़ी चुनौती है। जिस प्रकार शहरों पर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है, भूजल तेजी से खत्म हो रहा है, नदियां सूख रही हैं और जलवायु परिवर्तन का अनचाहा स्वरूप शहरों पर असर डाल रहा है, उससे शहरों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही हैं। एक आदर्श शहर तभी विकसित हो सकता है, जब उसके गांव कायम रहें। शहर भी तभी बना रह सकता है जब गांव भी विकसित हों। वैसे भी भारत गांवों का देश है। कोविड-19 के प्रकोप के चलते यह बात और पुख्ता हुई है कि केवल शहरी विकास व सुधार से ही सुशासन को कायम रखना संभव नहीं है। कृषि विकास दर को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि उदरपूर्ति से लेकर आसान जीवन आज भी गांवों पर निर्भर है। ऐसे में उप शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया जाना एक अनिवार्य सत्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए। शहर जितने सघन और विकास के चरम पर हैं, उनकी हवा और पानी उतना ही दूषित है। मलिन बस्तियों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। भारत की मलिन बस्तियों में रहने वाली सत्तावन फीसद आबादी तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में है। यह राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे अपने नागरिकों को आवास और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करें। शहरी सुधार की दिशा में संभावनाएं भी हमेशा उफान पर रहती हैं और शहरी भावना भी उथल-पुथल में रहती है। चाहे शहर हो या गांव, जल नहीं तो कल नहीं। फिलहाल जल के अभाव के राष्ट्रीय मुद्दे का हल खोजने के लिए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने एक जुलाई 2019 से जल संरक्षण पुर्नस्थापना, पुर्नभरण और पुन~ उपयोग पर अभियान चला कर जल शक्ति अभियान शुरू किया था। गौरतलब है कि देश भर में जल संकट से जूझते साढ़े सात सौ से ज्यादा शहरों से सूचना, शिक्षा और संचार की व्यापक गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण उपायों को जन आंदोलन बनाने के लिए सक्रियता देखी जा सकती है।

## सिर्फ मुसलमानों के मकान क्यों ?

**वेदप्रताप वैदिक**

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात में इधर दंगाइयों को दंडित करने की एक बिल्कुल नई विधि का आविष्कार हुआ है। वह यह है कि जो भी दंगाई पकड़े जाएं या चिंहित किए जाएं, उनके घरों और दुकानों को ढहा दिया जाए। उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसीलिए 'बुल्डोजर बाबा' कहा जाने लगा है और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान को 'बुल्डोजर मामा'। अब गुजरात के नए मुख्यमंत्री ने भी यह काम शुरु कर दिया है। ये तीनों मुख्यमंत्री भाजपा के हैं। भाजपा की सरकार कई अन्य राज्यों में भी हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अन्य भाजपाई मुख्यमंत्री भी इसी लीक पर चल पड़ें। कई मुस्लिम नेता और खास तौर से कांग्रेसी नेता प्रादेशिक सरकारों के इस कदम का विरोध कर रहे हैं। वे कहते हैं कि भारत में कोई कानून ऐसा नहीं है, जो कहता हो कि जिन्हें आप दंगई समझते हैं, आप उनके मकान ढहा दें। यह बात तो तथ्यपरक है लेकिन उनका इससे भी भारी तर्क यह है कि जिनके मकान ढहाए गए हैं, वे सब मुसलमान हैं। अतः सरकारों का यह कदम सांप्रदायिक है। जहां तक इन तर्कों का सवाल है, कानून की प्रक्रिया इतनी लंबी-चौड़ी है कि उसके अनुसार फैसला होते-होते वर्षों लग जाते हैं। जब तक लोगों के दिमाग से दंगों की बात ही गायब हो जाती है। दोषियों को जो सजा मिलती है, आम लोगों पर उसका कुछ असर ही नहीं होता जबकि दंगाइयों के मकान तत्काल ढाहए जाते हैं तो भावी दंगाइयों की रूह अपने आप कांपने लगती है। सिर्फ वे ही मकान ढहाए जाते हैं, जो गैर-कानूनी ढंग से बनाए जाते हैं। जो लोग दंगा करते हैं, कानून का उल्लंघन करना उनमें से ज्यादातर की आदत में होता है। ऐसे लोगों को तुरंत दंडित करने में क्या बुराई है? यदि किसी का घर कानूनी है और वह गल्ती से गिरा दिया गया है तो उसे फिर से बनवाना और उसका जुर्माना देना सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए। शिवराज चौहान ने इसका वादा भी किया है। यह अच्छी बात है लेकिन इस आनन-फानन की कार्रवाई पर दो सवाल एकदम उठते हैं। पहला यह कि यह कार्रवाई सिर्फ मुसलमान दंगाइयों के खिलाफ ही क्यों होती है? क्या दंगा सिर्फ मुसलमान ही करते हैं? दंगाई किसी भी संप्रदाय का हो, सबके साथ सरकार का समान बर्ताव होना चाहिए। दूसरा सवाल यह है कि क्या यह प्रादेशिक सरकारों के निकम्मेपन का सूचक नहीं है कि हर गांव और शहर में लोग, खास तौर से नेता और प्रभावशाली लोग सरकारी जमीनों पर कब्जा करके अपने मकान खड़ा कर लेते हैं और सरकारें सोती रहती हैं।

# हर घर गांधी और हर घर संविधान अभियान होगा प्रांरभः राजगोपाल पी.व्ही

## बागी आत्मसमर्पण की स्वर्ण जयंती समारोह का हुआ समापन

**जौरा।** बागी आत्मसमर्पण की स्वर्ण जयंती समारोह के समापन अवसर पर विगत तीन दिनों में हुई चर्चाओं के आधार पर तय किया गया कि परिवार, समाज, गांव-षहर और देष में शांति व न्याय की स्थापना के लिए हर घर गांधी और हर घर संविधान पहुँचानें के लिए व्यापक अभियान चलाया जायेगा। उक्त उद्गार प्रख्यात गांधीवादी और सर्वोदयी नेता राजगोपाल पी.व्ही ने समापन समारोह में कही। प्रख्यात गांधीवादी और सर्वोदयी नेता राजगोपाल पी.व्ही ने कहा कि समाज परिवर्तन में युवाओं की महती भूमिका है, न्याय और शांति के लिए नवजवानों को आगे आकर भाई जी के स्वप्न एकता, अखण्डता, भाई-चारा, साम्प्रदायिक सद्भावना पर काम की जरूरत है। समापन समारोह के पूर्व सत्र में विभिन्न प्रांतो से आये प्रतिनिधियों ने भविष्य के कार्यो की रूपरेखा को प्रस्तुत किया। इसी क्रम में प्रख्यात सर्वोदयी नेता राम धीरज के द्वारा समारोह में 10 प्रस्तावों को रखा, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के राजनैतिक सलाहकार और प्रख्यात स्तम्भकार सुधीन्द्र कुलकर्णी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर आगामी 25 वर्षो के लिए जनता की भागीदारी के साथ गांधी को केन्द्र में रखकर एक महाअभियान चलाया जाना चाहिए। अभियान के तहत गांधीवादीयों को समाजवादियों, अम्बेडकरवादियों, मार्क्सवादियों व संघियों और सभी राजनैतिक पार्टियों से संवाद का सिलसिला प्रारंभ करना चाहिए ताकि सर्वसम्मति से अपना राष्ट्र उन्नति कर सके। प्रख्यात लेखक और पत्रकार जगदीश शुक्ला के द्वारा लिखित 'गांधीवाद के मंत्र से बदली चम्बल की तकदीर' पुस्तक का विमोचन सुधीन्द्र कुलकर्णी द्वारा किया गया। समापन समारोह के अवसर पर जौरा के अनुविभागीय अधिकारी विनोद सिंह ने कहा कि सभी नवजवान यह संकल्प ले कि गांधी और समारोह की चर्चाओं को अपने गांव-शहर और परिवार में लेकर जायेंगे। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि गांधी आज बहुत ही प्रासंगिक हैं। एकता परिषद मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक डोंगर शर्मा ने लोगों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अहिंसक आंदोलन के लिए अपील की। पूर्व विधायक महेश मिश्रा ने युवाओं को देश की हालात बदलने के लिए अपील की। उन्होने कहा कि आठ वर्ष पहले देश में गरीब परिवारों की संख्या 32 करोड़ से बढकर 81 करोड़ होना आश्चर्य किंतु सत्य है, इस तरह के प्रकल्प की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे गरीबी को समाप्त किया जा सके। आयोजन समिति की ओर से कैलाश मित्तल ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के समापन सत्र में अलग-अलग राज्यों से आये प्रतिभागियों को महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव रनसिंह परमार ने अंगवस्त्रम् देकर सम्मानित किया। एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप प्रियदर्शी व श्रद्धा कश्यप, महासचिव रमेश शर्मा, अनिल गुप्ता, सीताराम सोनवानी, मुरली भाई, रामस्वरूप, ज्ञानाधार शास्त्री, प्रशांत, अरूण, रविन्द्र सक्सेना, रिया, दीपक अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव, एच एल ग्रुप के डायरेक्टर समाजसेवी एल एन त्यागी इत्यादि को उनके समूह के साथ और प्रख्यात गांधीवादी लोक गायिक झारखण्ड की श्रीमती मेघा डाल्टन को राजगोपाल पी व्ही, जिलकार हैरिस व अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह की व्यवस्था से जुडे अलग-अलग विभागों पंजीयन, भोजन, आवास, पानी, स्वच्छता, सुरक्षा, दस्तावेजीकरण के प्रतिनिधियों को भी प्रफुल्ल श्रीवास्तव की अगुवाई मे सम्मानित किया गया। जिसमें उदयभान सिंह, सुनिल शर्मा, लक्ष्मीनारायण, संतोष सिंह, कुलदीप तिवारी, सुनिल, डोंगर शर्मा, संजय जादौन, देवा, श्याम, सागर, आनंद सोनी और रा-रूट्स प्रोडक्शन के युवा इत्यादि लोग शामिल थे।





## अमर प्रेम की कथा एलबम सॉन्ग का हुआ पोस्टर लॉन्च

**मुरैना।** आदित्य क्रिएशन द्वारा टी सीरीज के सहयोग से अमर प्रेम की कथा एलबम तैयार की जा रही है, जिसका बॉलीवुड स्टाइल में भक्ति सॉन्ग वृंदावन में फिल्माया गया है। आदित्य क्रिएशन के डायरेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सॉन्ग के डायरेक्टर संजीव शर्मा हैं। उन्होंने बताया कि यह सॉन्ग वृंदावन में सूट हुआ है एवं कान्हा के ऊपर बना है। यह बॉलीवुड स्टाइल में भक्ति सॉन्ग है जो बहुत कम देखने को मिलता हैं। इसका डायरेक्शन बहुत ही अलग लेवल पर किया गया है तथा इस सॉन्ग को सिंगर डाली शर्मा ने अपनी आवाज दी है जो कि बॉलीवुड की बेहतर सिंगर है। इस सॉन्ग में सहयोग आदित्य सक्सेना द्वारा दिया गया है। गीत की लॉन्चिंग गत रोज मुरैना में हुई है और सभी टीम ने काम अपना अच्छे से किया है तथा टी सीरीज ने बहुत सपोर्ट किया है एवं टी सीरीज पर ही सोंग लॉन्च हुआ है। लॉन्चिंग में आदित्य सक्सेना, अभिजीत प्रधान, अनीता उड़िया, दीपिका सिंह, करिश्मा राजपूत, नैंसी, स्वाति भारद्वाज, पूनम सिंह उपस्थित थी।

## आनुवांशिक बीमारी हीमोफिलिया का इलाज अब मुरैना में ही संभव

**मुरैना।** आज 17 अप्रैल को विश्व हीमोफिलिया दिवस है, ये एक अनुवांशिक बीमारी है, इसको शाही बिमारी के नाम से भी जाना जाता । क्योंकि इस बीमारी की शुरुआत इंग्लैंड की महारानी विक्टोरिया के बच्चों से हुई थी। इस बीमारी मै हमें चोट लगने पर ब्लीडिंग होती हे और हमारे हाथ पैर मैं सूजन और अधिक देर तक खून निकलना बंद नहीं होता। कभी-कभी ये ब्लीडिंग बिना चोट लगने पर भी होती है, यह इतनी घातक और खतरनाक साबित तब होती है जब अंदरूनी ब्लीडिंग जेसे पेट या सर मै होती है। इसको बचाने का एक मात्र इंजेशन (फेक्टर 8 व 9) ही उपाय है। इस समय इसका इलाज हमारे मुरैना हॉस्पिटल मैं उपलब्ध है।

# मिलावटी दूध के कारखाने पर पुलिस का छापा, भारी मात्रा में सामान बरामद, संचालक पर हुई एफआईआर

**मुरैना।** शनिवार की सुबह सिहोंनिया थाना पुलिस ने ग्राम पुरावस में मिलावटी दूध पनीर के कारखाने पर छापा मारकर भारी मात्रा में सिंथेटिक दूध व दूध से बने पदार्थ एवं केमिकल जप्त किया है। पुलिस द्वारा खाद्य अधिकारियों को बुलाकर कार्रवाई कराई जा रही है तो वहीं संचालक पर धोखाधड़ी के तहत एफ आई आर दर्ज की गई है।


सिहोंनिया थाना प्रभारी पवन भदौरिया को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पुरावस में लंबे समय से सिंथेटिक दूध एवं खोवा व पनीर बनाने का काम चल रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने शनिवार की सुबह दबिश दी तो बड़ी मात्रा में कारखाने से सिंथेटिक दूध के अलावा केमिकल बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से 2250 लीटर विलक्रीम रिफाइंड, 450 किलो माल्टो डेक्सट्रिन पाउडर, 100 लीटर डिटर्जेंट रेंजी, 40 लीटर मिलावटी घी, 50 लीटर हाइड्रो केमिकल एवं मिलावट का अन्य सामान जप्त करते हुए खाद विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और कार्यवाही कराई गई है, वहीं पुलिस द्वारा खाद्य अधिकारी की रिपोर्ट पर से दूध डेयरी के संचालक दिनेश तोमर के खिलाफ धोखाधड़ी की एफ आई आर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में एक बार फिर से मिलावटी एवं सिंथेटिक दूध से खोवा पनीर बनाने का काम बड़े स्तर पर आरंभ हो गया है, जिस पर कार्यवाही का अभाव बना हुआ है। प्रशासन एवं पुलिस संयुक्त रुप से सुनियोजित तरीके से इन पर दंडात्मक कार्रवाई करे तो जहर बेचने वाले माफियाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।



## जैन मिलन महिला ने गीत-संगीत के साथ किया भक्तांबर पाठ



**मुरैना।** जैन मिलन महिला द्वारा भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक दिवस पर पूर्व संध्या में भजन गायक और 48 दीप के साथ गीत-संगीत के साथ भक्तांबर पाठ किया, जिसमें जन्म कल्याणक की क्रियाएं संपन्न हुई। समाज के वरिष्ठ सम्मानीय जनों की उपस्थिति में यह प्रोग्राम संपन्न हुआ। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर प्रातः श्री जी की विशाल शोभा यात्रा निकली। जिसमें सभी वीरांगनाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जैन मिलन की बहनों की तरफ से पानी, ठंडा पेय और आइस क्रीम की व्यवस्था से स्वागत किया गया। श्री जी की आरती और पूजा करके इस भव्य प्रोग्राम को संपन्न किया। इसी क्रम में संध्या काल में श्री जी की आरती एवं पालना झुलाई का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान जैन मिलन महिला संयोजिका भावना जैन, चेयरमैन सरिता जैन, अध्यक्ष बबीता जैन, मंत्री राखी जैन, कोषाध्यक्ष शीतल जैन, शशि, कल्पना, सपना, ऊषा, शुभी, शिल्पी, प्रीती जैन, श्वेता, जूली, रजनी, नीलम, रेखा, बविता जैन, सुरभि, पारुल आदि सदस्य उपस्थिति रहे।




## बाबा साहब की जरांती पर अम्बाह में व्याख्यान माला



**मुरैना।** जनपद पंचायत संभागर अम्बाह में म.प्र जन अभियान परिषद द्वारा डॉ बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता एक विमर्श विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता म.प्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सतीश सिंह तोमर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी संगठन सक्षम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार तथा मेंटर प्रेमदीप कुलश्रेष्ठ तथा व्याख्यान माला के मुख्यवक्ता के रूप में कही। उन्होंने ए.आई.टी.एम कॉलेज अम्बाह के संचालक व समाज सेवी हरेंद्र कुमार शर्मा एवं साहित्यकार व समाज सेवी डॉ लाल सिंह किरार ने अपने विचारों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन के संघर्षों व सामाजिक समरस्ता की दिशा में किये गए परिवर्तन को व्याख्यान माला में बताया। व्याख्यानमाला में सर्व प्रथम उपस्थित सभी अतिथि व प्रतिभागियों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पहार चढ़ाकर, फल वितरित किए गए तत्पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सभी ने आपसी भाई चारा व प्रेम से एक दूसरे का साथ देने का संकल्प लिया। व्याख्यान माला में सर्व प्रथम अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रेमदीप कुलश्रेष्ठ द्वारा बाबा के बचपन में शिक्षा प्राप्ति के दौरान किए संघर्ष को याद दिलाते हुए विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को कक्षा से बाहर बिठाकर पढ़ाया जाता था। पानी के लिए दिन भर प्यासे रहना पड़ता था। यदि कक्षा में भूलबस प्रवेश कर जाए तो साथी छात्र कक्षा का बहिष्कार करते थे। अगली कड़ी में बी एस डब्ल्यू के छात्र राजवीर आरोलिया द्वारा अपनी बात रखते हुए कहा कि जितना संघर्ष बाबा साहब द्वारा किया गया, उसको पढ़कर आज हमारी रूह कांप जाती है।

# पंचायतों में सोशल ऑडिट के जरिए हो रहा है विकास कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण

**मुरैना।** वर्ष 2020-21 में मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में किये गये निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सार्थकता एवं उपयोगिता के परीक्षण के लिए पंचायतों में सोशल ऑडिट कराया जा रहा है। इसी के तहत जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण देवेंद्र वर्मा एवं ब्लॉक समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण मुरैना पवन चौरसिया के मार्ग दर्शन में ग्राम पंचायत टीकरी, जयनगर, दिखतपुरा, मृगपुरा, नाऊपुरा में (व्ही.एस.ए) विलेज सोशल एनिमेटरो द्वारा ग्राम समपरीक्षा समिति के सहयोग से भौतिक, मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन किया जा रहा है। मुरेना विकासखण्ड की पंचायतो में सामाजिक अंकेक्षण में व्ही.एस.ए नितिन शिवहरे, हरिओम शर्मा, मीना केन, कुलदीप शर्मा, रवि कुमार, रिंकल बघेल, मोनू सिंह, अजय तोमर, माधुरी कुशवाह, रविंद्र दीक्षित, दीपेश शर्मा, रीना दंडोतिया, श्रीकृष्ण, बनवारी लाल, बबली नन्दा, आरती माहौर द्वारा ग्राम में मनरेगा के नारों का दीवार लेखन, घर-घर जाकर जन समुदाय को 19 अप्रैल को होने बाली मनरेगा की विशेष ग्राम सभा में आने के लिए सहभागिता हेतु आग्रह किया जा रहा है। ग्राम सभा में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और क्रियान्वयन ऐजेन्सी से उत्तरदायी सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे व वे विशेष ग्राम सभा में कार्यों से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए बाध्य होंगे ।



# चौथी पीढ़ी पर चुनावी दांव लगाएगी भाजपा

- सक्रिय और लोकप्रिय युवाओं की कुंडली बना रही पार्टी
- आधा सैकड़ा सीटों पर पार्टी उतार सकती है नए चेहरे

**भोपाल।** मिशन 2023 के साथ ही नगरीय निकाय चुनावों के लिए भाजपा इनदिनों मिशन मोड में है। पार्टी चुनावों के लिए हर स्तर पर तैयारी में जुटी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनावों में भाजपा का फोकस युवाओं पर है। इसलिए इस बार नगरीय निकायों के साथ ही विधानसभा चुनाव में पार्टी चौथी पीढ़ी के नेताओं पर सबसे अधिक दांव लगाएगी। इसके लिए सक्रिय और लोकप्रिय युवाओं की कुंडली तैयार की जा रही है।

गौरतलब है कि भाजपा ने संगठन में युवाओं को महत्व देकर यह संकेत पहले ही दे दिया है कि आगामी चुनावों में युवाओं को अधिक से अधिक सीटों पर टिकट दिया जाएगा। विधानसभा चुनाव में करीब आधा सैकड़ा सीटों पर युवाओं को टिकट देने की तैयारी है। ऐसे में 30 से 45 साल उम्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं को अधिक मौका मिलने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। संगठन में मंडल स्तर पर अधिकतम 35 एवं जिला स्तर पर 50 साल की अधिकतम आयु वालों को पहले से ही कमान मिल चुकी है। वहीं अब पार्षद से विधायक के लिए भी 40 से 45 साल से कम आयु के चेहरों को अधिक मौका देने की तैयारी है। ये कवायद उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत अगले दो दशक तक पार्टी में नई पीढ़ी को मौका देकर नेतृत्व तैयार करना है।



### कई उम्रदराज नेता होंगे दरकिनार

पार्टी का थिंक टैंक संगठन में ऐसा कोई पीढ़ी अंतराल नहीं चाहता, जिससे पार्टी कुछ वर्षों में वयोवृद्ध या युवाओं की कम मौजूदगी वाले दल के रूप में पहचानी जाए। इससे पहले भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 75 साल या अधिक उम्र के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने से परहेज किया था। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने बाबूलाल गौर, सरताज सिंह, रामकृष्ण कुसमरिया, माया सिंह, कुसुम महदेले सहित कई नेताओं के टिकट काट दिए थे। इनमें से कई मंत्री भी थे। अगले साल के अंत में प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। अनुमान है कि प्रदेश की 50 से अधिक सीटें हैं, जहां आयु वर्ग के लिहाज से युवाओं की संख्या निर्णायक है। इधर, संगठन में भी युवाओं को जिस तरह से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, उससे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी युवा शक्ति और अनुभव को अलग-अलग रखते हुए उपयोग में लेने के फार्मूले पर काम कर रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि संगठन में बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक के दायित्वों के लिए युवाओं को प्राथमिकता देने से युवा व ऊर्जावान लोगों की सहभागिता बढ़ेगी। मंडल व जिला स्तर पर चुनावी रणनीति व सामाजिक समीकरणों का भी ध्यान रखा जा रहा है। युवाओं को मौका मिलने से उन वर्गों का भी साथ पार्टी को निश्चित तौर पर मिलेगा, जिनकी भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है। भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल कहते हैं कि भाजपा में पीढ़ी परिवर्तन कोई विशेष अभियान नहीं बल्कि स्वाभाविक प्रक्रिया है। कार्यकर्ताओं की भावना और जनता की अपेक्षा के साथ ही जीतने की संभावना पर ध्यान रखते हुए पार्टी विचार करती है। यह पार्टी एक चुनाव के लिए नहीं बल्कि लगातार एक वैचारिक उद्देश्य को लेकर कार्य करती है इसलिए उस दृष्टि से निर्णय भी लिए जाते हैं।

## न-टू-वन

### सब्जी लेने जा रही महिला में अज्ञात ऑटो ने मारी टक्कर, हालात गंभीर



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर कोतवाली थाने से है जहां राजो बाई पति इम्रतलाल शाक्य 55 निवासी स्वरस्वती विद्यापीठ फतेहपुर आपने घर से सब्जी लेने जा रही थी, 28 ठुश कोठी के पास जा रही थी, तभी घर के पास किसी आज्ञत ऑटो ने टक्कर मार दी जिससे महिला को काफी चौटे आयी है, जिसकी हालात गंभीर बताई जा रही है।

### मॉ के साथ रात दस बजे पार्क जा रहे पॉच साल के मासूम को तेर रफ्तार कार ने रौदां, गाई जान

**भोपाल।** राजधानी मे विधानसभा भवन के सामने मॉ के साथ जार रहे पॉच साल के मासूम को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। बताया गया है कि अचानक हुए इस हादसे मे मासूम कार में फंस गया ओर कार चालक काफी दूरी तक उसे सड़क पर घिसटता हुआ ले गया, इसके बाद मासूम कार से अलग हुआ। मिली जानकारी के अनुसार मंत्रालय के सामने भीम नगर बस्ती में रहने वाले सत्यभान पटेल एक होटल में काम करते हैं। उनका पॉच साल का बेटा प्रिंस पटेल सरस्वती विद्या मंदिर में पहली कक्षा में पढ़ता था। बीती रात को प्रिंस पास मे बने पार्क मे जाने की जिद कर रहा था। करीब 9 बजे उनकी पत्नी प्रभा तीनो बच्चो प्रिस ओर दो बडी बेटियो प्रिया और प्रियंका को रात 10 बजे वल्लभ के पास वाले पार्क मे लेकर गई थी। थोडी देर बाद वो बच्चो को लेकर वापस लौट रही थीं। जैसै ही उन सभी ने सडक पार की ही थी, तभी आई तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने प्रिंस को अपनी चपेट मे ले लिया। गंभीर हालत मे मां ने वहाँ से निकल रहे एक बाइक सवार की मदद से प्रिसं को इलाज के लिये जेपी अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन तब तक काफी देर हो चूकी थी। डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि मासूम को टक्कर मारने के बाद कार चालक तेज स्पीड से विधानसभा की ओर भागा ओर बिड़ला मंदिर के पास एक मवेशी को भी टक्कर मारते हुए कार सहित फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरौ के फुटेज खंगाल कर फरार आरोपी की सुरागशी के प्रयास कर रही है।

### परिवार के साथ शापिंग गये प्रोफेसर, बदमाशो ने मकान का ताला खोला, माल के साथ ताला भी साथ ले गये

**भोपाल।** शहर के कोहेफिजा थाना इलाके मे बैखौफ बदमाशो ने दिन दहाड़े प्रोफेसर के सूने मकान पर धावा बोलते हुए लाखों का माल बटोरकर चपंत हो गये। शुरुआती जांच में सामने आया है, कि शातिर बदमाशों ने मकान के गेट का ताला तोडा नही नहीं, बल्कि उसे खोलकर भीतर दाखिल हुए थे, ओर ताला भी अपने साथ ले गए। थाना पुलिस ने बताया कि डॉ. नटराज ने अपनी शिकायत मे खुद को भौंरी स्थित सीपीए के केंद्रीय शिक्षण संस्थान में खुद को प्रोफेसर बताते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर के समय वो पत्नी और बच्चों के साथ शापिंग करने एमपीनगर इलाके मे गये थे। शाम के समय जब वो वापस लौटे तो देखा कि मकान के दरवाजे पर लगा ताला गायब था। अंदर जाकर देखने पर कमरो मे रखा सारा सामान बिखरा हुआ मिला। भीतर घुसे बदमाश घर की अलमारियो मे रखे दो सोने के मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, सहित सोने के अन्य जेवरात समेटकर कर ले गए। शुरुआती छानबीन के बाद पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसकी सुरागशी के प्रयास शुरु कर दिये है।

### राजा परवेज बने पाकिस्तानी नेशनल असेंबली के नए स्पीकर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नेशनल असेंबली के नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है। बैठक में सबसे पहले नए स्पीकर का चुनाव किया गया है। राजा परवेज अशरफ को निर्विरोध चुना गया है। वहीं डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी को हटाने और नए स्पीकर के चुनाव पर शनिवार को वोटिंग होनी थी। लेकिन अपने खिलाफ वोटिंग में हार के डर से पहले ही सूरी ने इस्तीफा दे दिया है। घटना के सामने आते ही पीएमएल-एन के नेता अयाज सादिक ने कहा कि अब डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस्तीफे की प्रक्रिया को निर्दिष्ट किया है, जिसके अनुसार इस गवाहों की उपस्थिति में स्पीकर के सामने पेश किया जाना है। इमरान के कट्टर वफादार सूरी ने बुधवार को नियमों के तहत अपनी शक्तियों को समाप्त कर आगामी सत्र की तारीख 16 अप्रैल से बदलकर 22 अप्रैल कर दी थी। हालांकि, बाद में सरकार ने नई अधिसूचना जारी कर कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर होगी वोटिंग के लिए सत्र 16 को ही होगा। बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष का पद असद कैसर के इस्तीफे के बाद खाली हो गया था, जिन्होंने 9 अप्रैल को पद छोड़ने का फैसला किया था। जिसके बाद से सूरी सदन की कार्रवाई चला रहे थे। बात दें कि कासिम खान सूरी पूर्व पीएम इमरान के खास माने जाते हैं। सूरी ने ही कई बार इमरान को अविश्वास प्रस्ताव से बचाया था, इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। बात दें कि सूरी बलूचिस्तान प्रांत में इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक इंसाफ की जड़ें मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वर्ष 1996 से ही सूरी पीटीआइ के सक्रिय सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं। सूरी 15 अगस्त 2018 को डिप्टी स्पीकर चुना गया था। कासिम खान लगातार दो बार पीटीआइ बलूचिस्तान के राष्ट्रपति बनने वाले एकमात्र नेता रहे हैं।

## हनुमान जयंती मनाई गई आज पहाड़ा खुर्द में

**हरिओम परिहार**
**पुष्पांजली टुडे**

**खनियाधाना।** खनियाधाना के अंतर्गत ग्राम पहाड़ा खुर्द में बड़े ही धूमधाम से आज हनुमान जयंती मनाई गई जिसमें मंदिर से लेकर सारे गांव में जुलूस निकाला गया और कई ग्रामों जुलूस एवं रैली।



पहाड़ा खुर्द बस्ती में दोपहर 10 बजे हनुमान जयंती विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के आव्हान पर समस्त हिन्दू समाज के लोग हजारों की संख्या में पहाड़ा खुर्द में मैदान पर मौजूद थे। जहां से पवन पुत्र हनुमान जी की शोभायात्रा हनुमान मंदिर मैदान से प्रारम्भ हुई। जिसमें डीजे की धुनों पर सैंकडों बाईक सबार एवं सारे गांव के ट्रैक्टर बा लोडिंग गाड़ी एवं छोटे बड़े सभी भक्तगण भगवा ध्यज लेकर बड़े ही धूमधाम से रैली निकाली। पहाड़ा खुर्द हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर मोटरसाइकिल रैली एवं पैदल यात्रा से ग्राम पंचायत महुआ के ग्राम राजापुर होते हुए और चंदोरि या होते हुए मुख्य मार्गो से होते हुए पूरे नगर में निकाली गई। जहां जगह-जगह हुआ सभी भक्तों का स्वागत जुलूस पुनः हनुमान मंदिर जा पहुंचा भगवान पवन पुत्र हनुमान जी मंदिर के लिये हिन्दू बादी संगठनों द्वारा बनने वाले भव्य राम मंदिर हेतु संदेश दिया कार्यक्रम में मुख्य विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रचार प्रमुख सभी ग्रामवासी ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के समाजसेवी गोलू बैरागी धर्मेंद्र लोधी जगदीश लोधी श्री राम परिहार ने की कार्यक्रम में सभी समाज के नागरिक कर रह राष्ट्रीय खंड स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम मे सभी वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किये अंत मे हिंदू विश्व परिषद के नागरिक सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रपाल सिंह लोधी द्वा किया गया और युवाओ द्वा युवा द्वारा हनुमान जयंती महा उत्सव पर हिंदू विश्व परिषद का आयोजन भी किया गया शोभायात्रा में सभी हिन्दू संगठनों के लोग सैंकड़ो की संख्या रूप से मौजूद रहें।

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया उनका पुण्य स्मरण

### फासिस्टवादी ताकतों द्वारा देश के संविधान को कुचला और तार-तार किया जा रहा हैः चंद्रप्रभाष शेखर

**भोपाल।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर राजधानी स्थित विभिन्न स्थानों पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश के प्रति उनके योगदान और संविधान पर संक्षिप्त वृतांत रेखांकित कर बाबा साहेब द्वारा बनाये संविधान और उनके सिद्वांतों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया, आज कुछ फासिस्टवादी ताकतों द्वारा संविधान को कुचला जा रहा है व तार-तार कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, जिससे पूरे देश पर संकट के बादल छाये हुये हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने गरीबी-अमीरी, छुआछूत को परे रखते हुए सर्वधर्म सम्भाव को दृष्टिगत रख संविधान की परिकल्पना की थी।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज समाज की कुछेक फिरकापरस्त ताकतों द्वारा संविधान पर हमला कर समाज को बांटा जा रहा है। देश को गर्त की ओर ले जाने वाले जो लोग आज देश का नेतृत्व कर रहे हैं, उनके द्वारा संविधान के साथ छेड़छाड़ कर देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। ऐसी ताकतों से हर भारतवासी को सावधान रहने की आवश्यकता है और हर भारतवासी को संकल्प लेना चाहिए कि संविधान के साथ छेड़छाड़ करने वालों को सबक अवश्य सिखायेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, महामंत्री राजीव सिंह, ुड्डी जाटव, नीलम चौधरी, मोहिन्दर नागर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने आभार माना।


## महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तानियों को लगेगा बिजली का झटका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई के बीच लोगों को फरवरी से खपत की गई बिजली के लिए 4.8 रुपये प्रति यूनिट की अतिरिक्त लागत का भुगतान करना होगा। नेशनल इलेक्ट्रिक पावर रेगुलेटरी अथॉरिटी (एनईपीआरए ) ने फरवरी महीने के लिए फ्यूल कॉस्ट एडजस्टमेंट (एफसीए) के कारण बिजली टैरिफ में 4.8 रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की। कुछ दिन पहले ही देश की सत?ता पर काबिज होने वाले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बिजली वितरण कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से अधिक शुल्क लेने की अनुमति भी दे दी है। इसकारण लोगों की जेब पर और अधिक बोझ पड़ रहा है। पाकिस्?तान के लोग पहले से ही मंहगाई में तेजी से पीड़ित हैं। बिजली वितरण कंपनियां सभी उपभोक्ता श्रेणियों से अप्रैल 2022 के बिलिंग महीने में फरवरी 2022 का ईंधन लागत समायोजन (एफसीए) चार्ज करेंगी। सेंट्रल पावर परचेजिंग एजेंसी ने पावर रेगुलेटर से अनुरोध किया था कि बिजली उपभोक्ताओं पर 38.4 बिलियन रुपये का बोझ डालने के लिए प्रति यूनिट 4.9441 रुपये की वृद्धि की अनुमति दी जाए। खबर के मुताबिक एनईपीआरए ने 31 मार्च को एक जनसुनवाई के दौरान बिजली उपभोक्ताओं पर लगभग 37.7 बिलियन रुपये का अतिरिक्त बोझ डालने के लिए प्रति यूनिट 4.8530 रुपये की वृद्धि को मंजूरी दी थी। बता दें कि पाकिस्?तान की मौजूदा सरकार ने कराची में लोड शेडिंग की परेशानी को हल करने के दावे किए हैं। हाल ही में वहां पर बिजली कटौती के कारण लोगों को रमजान के दौरान अंधेरे में ही तरावीह की नमाज अदा करनी पड़ी थी।



## लोगों में बढ़ते आक्रोश के बीच शंघाई में कोरोना ने तेजी पकड़ी, सामने आए 20,700 से अधिक मरीज

बीजिंग (ईएमएस)। चीन में शुक्रवार को 3400 से अधिक लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं, जबकि बिना लक्षण वाले कोविड मरीजों की संख्या 20,700 दर्ज की गई है। चीन के शंघाई शहर में सबसे अधिक मामले पाए गऐ हैं, जहां लंबे समय से लॉकडाउन लगाया गया है। शंघाई में प्रतिदिन मिलने वाले नए मरीजों की संख्या लगातार सबसे अधिक है। शंघाई में इलाज के इंतजार में एक बुजुर्ग की मौत को लेकर लोगों में नाराजगी के मद्देनजर अस्पतालों को आदेश दिया गया है कि वे गैर कोविड मरीजों के इलाज में देरी नहीं करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के अनुसार चीन के मुख्य भूभाग पर गुरुवार को स्थानीय संक्रमण के कारण कोविड-19 से संक्रमित पाए गए लोगों की संख्या 3472 दर्ज की गई, जबकि बगैर लक्षण वाले कोविड मरीजों की संख्या 20782 दर्ज की गई। इस दौरान चीन के वाणिज्यिक केंद्र शंघाई में स्थानीय संक्रमण के कारण कोविड-19 से संक्रमित पाए गए लोगों की संख्या 3200 दर्ज की गई, जबकि बगैर लक्षण वाले कोविड मरीजों की संख्या 19872 दर्ज की गई।



शहर में पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण की जांच के लिए कई दौर के परीक्षण किए जा चुके हैं। इसके साथ ही संक्रमितों के इलाज के लिए अस्थाई अस्पताल बनाए जा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि बीते चौबीस घंटे में कोरोना संक्रमित रोगियों के 28,778 करीबी लोगों को स्वास्थ्य निगरानी से मुक्त किया गया। गौरतलब है कि चीन के वुहान से 2019 में कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। बाद में कोरोना वायरस के संक्रमण ने वैश्विक महामारी का रूप ले लिया था। अब एक बार फिर यह उसी क्षेत्र में इतनी तेजी से बढ़ रहा है, जब बाकी दुनिया ने वायरस को लगभग नियंत्रित कर लिया है। शंघाई में स्थिति इतनी खराब होने लगी है कि चीनी मीडिया ने भी जनता के असंतोष को उजागर करना शुरू कर दिया है। चीनी मीडिया में शुक्रवार को छपी रिपोर्ट के मुताबिक, शंघाई शहर कोरोना वायरस संक्रमण के ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ अपने सबसे कठिन समय से गुजर रहा है।

## कीव पर नए सिरे से मिसाइल हमले करेगा रूस, कीव में 900 से अधिक नागरिकों के शव मिले

**कीव** । रूसी क्षेत्र में यूक्रेन के लगातार जारी हमलों और काला सागर में रूसी युद्धपोत के क्षतिग्रस्त होकर डूबने से भड़के मॉस्को ने कीव पर नए सिरे से मिसाइल हमले करने की धमकी दी है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया है कि राजधानी कीव के बाहरी इलाकों में 900 से अधिक नागरिकों के शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें से अधिकांश लोगों को गोली मारी गई थी।

रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में नए सिरे से हमले की तैयारी तेज कर दी है, जबकि दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल में लड़ाई जारी है, जहां स्थानीय लोगों ने रूसी सैनिकों को शवों को खोदकर निकालते देखने की सूचना दी है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के अनुसार, उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में एक आवासीय इलाके पर गोलाबारी में सात महीने के बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। राजधानी के क्षेत्रीय पुलिस बल के प्रमुख एंड्री नेबितोव ने कहा कि कीव के आसपास शवों को सड़कों पर छोड़ दिया गया या अस्थायी रूप से दफनाया गया। उन्होंने पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 95 प्रतिशत लोगों की मौत गोली लगने से हुई है। नेबितोव ने कहा हमें लगता है कि रूसी कब्जे के दौरान इन लोगों को यूं ही अकारण गोली मार दी गई। उन्होंने कहा कि हर दिन मलबे के नीचे और सामूहिक कब्रों से शव मिल रहे हैं तथा सबसे ज्यादा 350 से अधिक लाशें बुचा में बरामद हुई हैं।



नेबीतोव के अनुसार, कार्यकर्ता रूसी कब्जे के बीच कीव के इस उपनगर में इकट्ठा हुए और शवों को दफनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन समर्थक विचारों को व्यक्त करने वाले लोगों को निशाना बनाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी सैनिकों पर दक्षिण में खेरसॉन और जापोरिजिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा करने तथा यूक्रेन की सेना व सरकार में सेवाएं देने वाले लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

जेलेंस्की ने शुक्रवार रात राष्ट्र के नाम दिए अपने वीडियो संबोधन में कहा कब्जा करने वालों को लगता है कि इससे उनके लिए संबंधित क्षेत्र को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा, लेकिन वे गलत हैं। वे खुद को बेवकूफ बना रहे हैं। उन्होंने कहा, रूस की समस्या यह है कि उसे पूरी यूक्रेनी जनता ने खारिज कर दिया है और वह उसे कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। रूस ने यूक्रेन को हमेशा के लिए खो दिया है। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन पर सात लोगों को घायल करने और यूक्रेन की सीमा से सटे ब्रांस्क में हवाई हमलों के साथ लगभग 100 आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसके बाद कीव पर हमले और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। रूस के एक अन्य सीमावर्ती क्षेत्र के अधिकारियों ने भी गुरुवार को यूक्रेन की ओर से गोलाबारी की सूचना दी। रूसीरक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने कीव पर नए सिरे से हमले करने की धमकी देते हुए कहा कि रूस ने कीव में मिसाइल प्रणालियों की मरम्मत और उत्पादन केंद्र को नष्ट करने के लिए मिसाइलों का इस्तेमाल किया। वहीं, यूक्रेन के सरकारी हथियार निर्माता उक्रोबोरोनप्रोम ने कहा कि रूसी सेना ने कीव के जुलियानी हवाईअड्डे के पास स्थित विजार संयंत्र में मिसाइल कार्यशालाओं में से एक पर हमला किया। यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस में हमले के लक्ष्य की पुष्टि नहीं की है और रिपोर्टों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है।

## नंदकिशोर शर्मा बने मध्यप्रदेश सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव



**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**आरोन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ एवं पूर्व कैविनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार नंदकिशोर शर्मा को मध्यप्रदेश सोशल मीडिया विभाग प्रदेश सचिव बनाये जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई प्रेषित की गई।बधाई देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिन्टूलाल जैन,विधायक प्रतिनिधि खुर्रम खान,राधौगढ़ विधानसभा अध्यक्ष अंकित रघुवंशी, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जीतू दांगी,जिला समन्वय राजाराम यादव,जिला महासचिव कमल अहिरवार, राधौगढ़ विधानसभा महासचिव अनंत शर्मा, लोकेश शर्मा, राहुल शर्मा, राजकुमार रघुवंशी, कमल ग्वाल,कृष्णा रघुवंशी,अरुण रघुवंशी,धर्मेंद्र शर्मा, नीरज रघुवंशी, मुनेश यादव,सत्यम त्यागी,प्रदीप गोस्वामी,सौरभ शर्मा ग्वालियर आदि शामिल रहे।

## महामंत्री स्वामी तेजानंद महाराज का शॉल ओंढाकर किया बहुमान



**पुष्पाजंलि टुडे**

**चेन्नई** =शनिवार तारीख 16अप्रेल 2022को 2बजे जगदीश राठौड़ पम्मल के पुत्र दिल्लीपकुमार राठौड़ के आर्शीवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर वर वधु को आर्शीवाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम जगदीश राठौड़ के परिवार के तरफ सु स्वामी तेजानन्द का भव्य स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम में भंवरलाल बर्फा, डॉ. हजारीमल सोलंकी, तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन पम्मल पोचलूर ऐरीया प्रभारी सोहनलाल परिहार, सीरवी दुदाराम लचेटा, ओमप्रकाश राठौड़ ,डायाराम राठौड़ ,लुम्बाराम राठौड़ ,भानाराम सोलंकी, रुगाराम सोलंकी, वह जगदीश राठौड़ के परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे ।

# मुख्यमंत्री चौहान रावतपुरा में आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं पूजा अर्चना कार्यक्रम हुए शामिल





**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भिण्ड जिले की तहसील लहार स्थित श्री रावतपुरा धाम में संत श्री रविशंकर महाराज द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं पूजा अर्चना कार्यक्रम में पत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ सम्मलित होकर सुंदरकांड का पाठ एवं हवन किया। उन्होंने श्री रावतपुरा सरकार के दर्शन कर बल बुद्धि और विद्या प्राप्त करने की प्रेरणा देने वाले और हर तरह का क्लेश, विकार और संकट दूर करने वाले श्रीराम भक्त हनुमान जी से मध्य प्रदेश की समस्त जनता के लिए सुख,शांति एवं समृद्धि प्रदान करने प्रार्थना की । इस दौरान सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ,नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया,भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय, उपाध्यक्ष म.प्र. खाद बीज निगम राजकुमार कुशवाह,पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह,एडीजी राजेश चावला ,कमिशनर आशीष सक्सेना,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,एडीएम प्रवीण फूलपगारें,सीईओ जिला पंचायत जेके जैन,एएसपी कमलेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज कर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कि जिला कार्यकारिणी मैं चला परिवारवाद

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर के हरेंद्र गहलोत जो की भारतीय जनता पार्टी मैं विगत आठ वर्षों से सक्रिय सदस्य है हरेंद्र गहलोत का कहना है कि पार्टी द्वारा दिए गए विभिन्न दायित्वों का उनके द्वारा सफलता पूर्वक निर्वहन किया गया है और प्रत्येक बूथ पर जाकर सक्रिय रहे है उनका



कहना है कि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कि कार्यकारिणी मैं जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को नजर अंदाज कर परिवारवाद को बढ़ावा दिया गया है भाजयुमो की जिला कार्यकारिणी गठित हो चुकी है। इसे लेकर अब कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो की जिला आर्यकारिणी द्वारा परिवारवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है जो कि आम कार्यकर्ताओं के लिए घातक है जबकि युवा मोर्चा का कार्यकर्ता संगठननिष्ठ और कार्यकर्ता रैलियों में भीड़ बढ़ाने व रोड पर नारेबाजी ही करता रहेगा।भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी कि नियुक्तियों में मनमानी और तानाशाही के आरोप लग रहे हैं। परिवारवाद की वजह से कुछ कार्यकर्ता खुलकर मोर्चा खोल रहे हैं और भाजपा के वरिष्ठ व उच्च पदाधिकारियों से न्याय की आस लगाए बैठे हैं। नतीजतन भाजपा में गुटबाजी के साथ आक्रोश भी बढ़ रहा है।

# शासकीय माध्यमिक शाला कोढ़नपुरवा में प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही है धज्जिया

## छात्र- छात्राएं विवश है बाहर शौच के लिए जाने को

**देवेन्द्रनगर** - शासकीय बालक उच्च .माध्यमिक विद्यालय देवेन्द्रनगर अंतर्गत आने वाली माध्यमिक शाला कोढ़नपुरवा में बालक - बालिकाओ के लिए शौचालय बनाएं गए है किंतु आज तक विद्यालय के शौचालय का उपयोग न किया जा रहा है और न ही शौचालय उपयोग करने योग्य है इतने गंदे है कि बच्चे उसका उपयोग करने से कतराते है ।इस प्रकार से विद्यार्थियों का शोषण किया जा रहा है माध्यमिक शाला होने के बावजूद भी यदि विद्यालय



में शौचालय न होना या उपयोग न करने की कोई तो बजह होगी । इस तरफ किसी का ध्यान नही दिया जा रहा कि बच्चे बाहर जाने के लिए विवश है। देखते है यह प्रशासन इस तरफ कितना ध्यान देता है ।और बच्चो के हित को लेकर हमारे जिले के प्रिय कलेक्टर महोदय जी क्या संज्ञान लेंगे ।






## हनुमान जयंती बजरंगी भाइयों के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

**राकेश परिहार,पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर** । ग्राम पंचायत पाएगा में बजरंगी भाइयों के द्वारा हनुमान जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई जिसमें समस्त ग्राम वासियों ने हनुमान जयंती की शुभ अवसर पर अपने-अपने विचार रखे साथ ही अगले वर्ष के लिए हनुमान जयंती की भव्य तरीके से मनाने की बात रखी श्री हनुमान जयंती के दिन सभी ग्राम के लोग एकाग्र होकर हनुमान जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए साथ ही भगवान श्री रामदूत शरणम हनुमान जी महाराज की जयंती पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाकर विनय की और इसमें सभी पद अधिकारी एवं ग्रामवासी मुख्य रूप से हनुमान जयंती में पहुंचे बजरंग दल के प्रखंड संयोजक नरेंद्र वर्मा सुनील शर्मा अरविंद लोधी कल्याण लोधी कमलेश कारपेंटर तपन जाटव बहादुर परिहार राजू जहां गुलशन झा दीपक लोधी अर्जुन कारपेंटर एवं समस्त ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कृष्ण जन्मोत्सव में जमकर नाचे झूमे कृष्ण भक्त।

## कृष्ण भक्ति में डूबा पंडाल

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-हो रही ब्रज में जय जयकार... नंद के घर लाला आयो है... जैसे कृष्ण गीत जब पंडाल में गूंजे तो वहां बैठे श्रद्धालुजन श्री कृष्ण के बाल प्रेम में मग्न हो गए। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी कृष्ण जन्मोत्सव में झूम उठे। यह उत्साह भरा माहौल तेंदुआ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान नजर आया। कथावाचक आचार्य गंगाधर जी महाराज ने जैसे ही कृष्ण भक्ति के भजन गाए तो पूरा माहौल कृष्ण भक्ति से भर गया और श्रद्दालुजन जमकर झूमे। मुख्य यजमान रमेशचंद्र धाकड़ ने व्यसगद्दी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी




तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती और मार्केटिंग प्रतिनिधि नंदकिशोर वर्मा आंकुर्सी पहुंचे। राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने कहा भागवत अमृत रूपी कलश है जिसका रसपान करके आदमी अपने जीवन को कृतार्थ कर लेता है इसलिए जहां भी भागवत होती है। मनुष्य को आसपास की भागवत में जरूर शामिल होना चाहिए। साथ ही युवा समाजसेवी एवम सार जीवन फाउंडेशन के अध्यक्ष विवेक एनके धाकड़ ने कहा भगवान श्री कृष्ण जी के बाल्यकाल की लीला का व्याख्यान सुन कर हृदय प्रसन्न हो गया। श्रीमद् भागवत पुराण के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जीवन के कष्ट दूर हो जाते है, उन्हें चारों धाम की यात्रा का फल मिलता है।

इस अवसर पर प्रह्लाद भारती, नंदकिशोर वर्मा आंकुर्सी, रमेशचंद्र वर्मा, धर्मेंद्र धाकड़ आंकुर्सी, नरेंद्र धाकड़, विवेक एनके धाकड़, मनोज धाकड, वीरेन्द्र धाकड़ रातौर, नीतू धाकड़, भूमिका धाकड़, दिव्यांशी दीपशिखा धाकड़, धर्मवीर धाकड, कपिल धाकड़, महाआर्यदेव धाकड, महादेवराज धाकड, कबीर धाकड़, दीपक किरार, विक्रम परिच्छा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# पोहरी अनुभाग के समस्त थानां प्रभारियों ने एसडीओपी राजपूत को दी भावविनि विदाई, राज्यमंत्री राठखेड़ा रहे मौजूद







**अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी-** पोहरी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)निरंजन सिह राजपूत का पोहरी अनुभाग से स्थानांतरण बुधनी होने पर नगर परिषद पोहरी के गणमान्य नागरिकों समाजसेवियों एवं पुलिस कर्मियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन पुराना थाना प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त थानां प्रभारियों द्वारा किया गया।

विदाई समारोह का आयोजन राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा,भाजपा मंडल अध्यक्ष अशुतोष जैमिनी की उपस्थिति में किया गया। विदाई समारोह में राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा ने एसडीओपी की कुशलता एवं व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि स्थानांतरण शासन की प्रक्रिया के अधीन होता है जिसमें कर्मचारी को आना जाना पड़ता है कर्मचारी का व्यवहार ही यादगार बन जाता है। मेने अपनी जिंदगी में ऐसा अधिकारी नही देखा जिसकी कार्यकुशलता की कभी आलोचना की गई हो। बही राज्यमंत्री ने भावुक होकर कहा कि आपने हमारे पोहरी का नाम रोशन किया भविष्य में अगर आपको पोहरी से कोई व्यक्ति मिले तो उसे हमेशा इसी तरह लाड़-प्यार देना।भाजपा मंडल अध्यक्ष अशुतोष जैमिनी ने एसडीओपी राजपूत को निर्विवाद एवं सेवाभावी व्यक्तित्व बताया। पोहरी तहसील क्षेत्र के एक सैकड़ा से अधिक गणमान्य नागरिकों सरपंच एवं अधिकरी कर्मचारियो, समाजसेवीयों द्वारा एसडीओपी राजपूत के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनका शॉल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया। एसडीओपी ने अपने कार्यकाल में सभी समाजसेवियों पुलिस कर्मियों पुलिस अधिकारीयों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की और कहां वह इस क्षेत्र को कभी नहीं भूल पाएंगे। जनता के असीम सहयोग एवं प्यार की सराहना की। विदाई समारोह में नवागत एसडीओपी एस एस मुमताज, सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह,तहसीलदार प्रेमलता पाल,उपनिरीक्षक बैराड़ अरविंद चौहान,राज्यमंत्री सुपुत्र जीतू राठखेड़ा,बैराड़ थानां प्रभारी नवीन यादव,गोवर्धन थानां प्रभारी दिनेश नरवरिया,गोपालपुर थानां प्रभारी रघुवीर धाकड़,छर्च थानां प्रभारी विवेक यादव,पोहरी थानां प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया, सहित जनप्रतिनिधि सहित पत्रकारगण मौजूद रहे। बही मंच संचालन का कार्य शिवकुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## युवाओं को रोजगार देने में फेल है शिवराज सरकार : हिमांशु चौहान




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में आम आदमी पार्टी शिवपुरी के आप यूथ विंग जिला अध्यक्ष अंकित धाकड़ जी ने बताया कि आज आम आदमी पार्टी यूथ बिंग की महत्वपूर्ण बैठक ÷आप÷ के प्रदेश सदस्य एवं ग्वालियर चंबल संभाग के युवा संभागीय अध्यक्ष हिमांशु चौहान ने ली। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष हिमांशु चौहान जी ने कहा कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूर्ण रूप से फेल हो रही है युवा पढ़ लिखकर नौकरी के लिए परेशान है और नोकरी न मिलने से अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है इसलिए आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में के *रोजगार संवाद यात्रा* को चला रही है जिसमें *सबको शिक्षा सबको काम* की सरकार से मांग की जा रही है आगे उक्त बैठक को आप के प्रदेश प्रवक्ता श्री भानु परिहार जी ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जीत दर्ज कराई है तब से शिवपुरी जिले में हर वर्ग युवा महिला सब आम आदमी पार्टी की ओर अग्रसर हो रहे हैं और आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी भाजपा को उखाड़ने का काम करेगी क्योंकि दिल्ली में जो काम हो रहा है उस काम से आमजन को लाभ हो रहा है वही लाभ अब मध्य प्रदेश को प्राप्त होगा। आगे उक्त बैठक को संबोधित करते हुए सम्भागीय संगठन मंत्री श्री कुलदीप बाथम जी ने कहा कि देश मे सबसे ज्यादा युवाओं को मौका देकर विधायक बनाने बाली पार्टी है आम आदमी पार्टी,युवाओं हुंकार भरो संगठन विस्तार करते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को कैसे मजबूती प्रदान करो आने बाला समय आम आदमी पार्टी का है। आज की बैठक में मुख्य रूप से आदि उपस्थित थे

# दो साल बाद कोरोना मुक्त हनुमान जयंती

### भक्तों ने मांगा- बल बुद्धि विद्या देहु मोहि हरहुं कलेश विकार...

### मंशापूर्ण मंदिर पर हुआ आदर्श भंडारा, कचरा न फेले निगम ने रखवाए डस्टबिन, मंदिरों के पास पुलिस रही चौकस



ग्वालियर । दो साल से कोविड संक्रमण के चलते हर त्यौहार पर बंदिशें रहती थीं, लेकिन अब ऐसा मौका आया है कि जब कोविड की सारी बंदिशें खत्म कर दी गई हैं। यही कारण है कि शनिवार को शहर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में जगह-जगह जुलूस, चल समारोह निकले। हाल ही में रामनवमीं पर जुलूस के दौरान खरगोन में उपद्रव को लेकर पुलिस, प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है, क्योंकि 9 साल पहले शहर के आपागंज इलाके में कुछ इस तरह का उपद्रव हो चुका है। शहर के हर मंदिर पर भंडारा चल रहा है। जगह-जगह जुलूस निकल रहे हैं। शहर के प?ाव स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर आदर्श भंडारा चल रहा है। यहां नगर निगम ने डस्टबिन रखवाए हैं। जिससे भंडारे के बाद जो गंदगी फैलती है वह न फैले। लोग भी डस्टबिन में अपने दौना, पत्तल फेंकते नजर आ रहे हैं। एसएसपी ग्वालियर ने कहा कि शहर में किसी भी तरह माहौल को नहीं बिग?ने देने के लिए प्रशासन और पुलिस कमर कस चुके हैं। शहर में 500 अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। ब? जुलूस या चल समारोह की निगरानी ड्रोन कैमरे हो रही है। पुलिस के जवान वर्दी और सिविल ड्रेस में चल समारोह के साथ हैं।। संवेदनशील इलाकों से किसी भी चल समारोह को निकलने की इजाजत नहीं दी गई है। हर प्रमुख चौराहे पर फिक्स पिकेड लगाए गए हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना आए, इसके लिए थाना पुलिस के साथ ही अतिरिक्त पांच सैकड़ा पुलिस जवानों को लगाया गया है। जिससे भक्तों को कोई परेशानी ना हो।

### मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है

ग्वालियर शहर के हनुमान मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिरों में छप्पन भोग बनकर तैयार हो चुके हैं। शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए हैं। शहर के छत्री बाजार स्थित रोकड़िया सरकार मंदिर पर कार्यक्रम हो रहा है।, जिसमें कई कलाकार प्रस्तुति देंगे। खे?पति हनुमान मंदिर, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर, गरगज के हनुमान मंदिर में भक्त सुबह से ही हनुमान चालीसा और बजरंग बाण रामधुन सुनाई दे रही है।

### संकट मोचन मंदिर में शुरू हुआ 3 दिवसीय समारोह

घाटीगांव संकट मोचन हनुमान बालाजी मंदिर गोलबडा पर बालाजी सरकार का जन्मोत्सव धूमधाम और भव्य रूप से मनाया जा रहा है। यहां 3 दिन विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। शुक्रवार सुबह मंदिर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। शनिवार को विशाल चल समारोह निकाला गया और 17 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### अंचल में भी हनुमान का जन्मोत्सव की धूम

**अंजनी के लाल राम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया, पुजारियों ने की विशेष पूजा अर्चना**

भितरवार । अंजनी के लाल राम भक्त श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव नगर में भक्त गणों ने भक्ति भाव के साथ मनाया। मंदिरों में सुबह से उम? श्रद्धालुओं ने सुंदर कांड पाठ कर हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं पुजारियों ने अंजनी के लाल को सिंदूर लगाकर और उन्हें जनेऊ पहनाकर उनका विशेष श्रृंगार किया। शनिवार को हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर नगर के बानबारे हनुमान मंदिर, गोलेश्वर महादेव मंदिर, बागवई फार्म हनुमान मंदिर और नगर एवं गांवों के प्रमुख श्री हनुमान मंदिर जय हनुमान ज्ञान गुण सागर,जय कपीस तिहुँ लोक उजागर,राम दूत अतुलित बल धामा अंजनी पुत्र पवन सुत नामा, महाबीर विक्रम बजरंगी ..... हनुमान चालीसा के विस्तृत पाठ से गुंजायमान हो गए। सुबह से ही मंदिरों में पहुँचे श्रद्धालुओं ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर विधि विधान से हनुमान जी की पूजा अर्चना कर उनका जन्मोत्सव मनाया। और उनसे सुख शांति की कामना की।

### जगह जगह वितरित हुई प्रसादी

वागबई कृषि फार्म के पास स्थित श्रीहनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को बडे ही धूम धाम के साथ मनाया गया इस मौके पर मंदिर प्रांगण को आर्कषक तरीके से सजाया गया। सुबह पूजा अर्चना कर महाआरती की गई इसके बाद सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन और श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद दर्शनार्थियों,रहगीरों को लिये, पूड़ी सब्जी की प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर डां जगदीश चंद्र माहेश्वरी,एसके सिसोदिया, महेशचंद्र अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, राधेश्याम जैन,भारत सिंह सिकरवार,केशव प्रसाद अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह तोमर,दीपक मोदी, बहादुर सिंह कुशवाह,बृजेन्द्र मोदी,सतेंद्र यादव, जीतेंद्र साहू,वीरबल पवैया,रामेश्वर शर्मा,प्रमोद झा,डॉ अरविन्द झा,सहित अनेक श्रृद्धालु उपस्थित थे।

# सम्मान के साथ दिया जा रहा है शासन की योजनाओं का लाभ - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर





ग्वालियर। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले, यही मेरा प्रयास रहता है। क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों को सम्मान के साथ शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उक्ताशय के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने 38 नम्बर शासकीय कार्यालय पर उपनगर ग्वालियर के पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के स्वीकृती पत्र वितरित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार आपकी समस्या के निराकरण के लिए आपके क्षेत्र में केंप आयोजित कर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। साथ ही कहा कि जबसे आपका सेवक आया है तब से 15 हजार से अधिक परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची दी जा चुकी है। आगे भी पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची दी जायेंगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी जरूरत मंद की सेवा से बडा कोई कार्य नही होता है।

इस अवसर पर आज ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपने कार्यालय पर वार्ड 7,8,11,12,15,16 एवं 17 के हाथठेला व कामकाजी 153, राशन की पात्रता पर्ची 330 व पेंशन 51 एवं आयुष्मान के 13 पात्र हितग्राहियों को मिलाकर कुल 547 कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी वर्दाश्त नही की जायेगी।

इस अवसर श्री शैलेन्द्र सिकरवार, श्री देवेन्द्र राठौर श्री अरूण किरार, श्री शीतल शर्मा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# मुनिराजों का लोहामंडी जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश कर मंगल प्रवचन दिए

### हनुमान ने राम की सेवा कर उनके चरणों में भरत जैसा स्थान पाया-ःमुनिश्री

### मुनिश्री गाजेबाजे के साथ जैन गोपाचल पर्वत से लोहामंडी जैन मंदिर पहुचे।



ग्वालियर। हनुमानजी ने सेवा के माध्यम से राम के चरणों में उनके भाई भरत जैसा सम्मान प्राप्त किया। सेवा और समर्पण का गुण निरहंकारी के दिल में ही पैदा हो सकता है। हनुमान अहंकारी नहीं स्वाभिमानी थे, राम के सच्चे भक्त थे। हनुमान शब्द ही कहता है हन-मान जिसने मान को मार दिया वहीं हनुमान है। यह बात मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने आज शनिवार को उप ग्वालियर स्थित लोह मंडी दिगंबर जैन लाला गोकुलचंद जैसवाल मंदिर में मंगल प्रवेश के दौरान धर्मसभा को संबोधित किया। मंच पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि वैष्णव धर्म ही केवल हनुमान को नहीं पूजा जाता है। जैन धर्म में हनुमान को कामदेव माना जाता है। आज सारे देश में भले ही राम का मंदिर नहीं हो लेकिन हनुमान का मंदिर अवश्य मिलेगा। हनुमान के अंदर राम के प्रति निस्वार्थ समर्पण का भाव था। रामराज्य को फैलाने में हर मुश्किल का सामना उन्होंने ब?ी प्रसन्नाता से किया। प्रवचन से पहले मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेंद्र जैन, अभिलाष जैन, पवन पत्रकार, आलोक जैन, राजुल जैन, राजेश जैन एवं श्रीमती बबिता जैन, कमलेश जैन, अलका जैन, अंजली जैन आदि नेश्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

**मुनिश्री के सानिध्य में विरागोदय तीर्थ महामहोत्सव 2023 सभांग बैठक आज होगी**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि परमपूज्य भारत गौरव राष्ट्रसंत गणाचार्य विराग सागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद एवं मेडिसिन गुरु विहसंतसागर मुनिराज के मंगल निर्देशन में 17 अप्रैल 2022, रविवार मध्याह्न 2.00 बजे से नई स?क स्थित जैन चम्पाबाग बगीची में एक अति आवश्यक बैठक विरागोदय तीर्थ महोत्सव समिति एवं निवेदक सकल जैन समाज, ग्वालियर की ओर से दमोह स्थित पथरिया में विरागोदय तीर्थ महोत्सव महाकुंभ 2023 के संदर्भ में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में दिल्ली, आगरा, झाँसी, भिंड, गोहद, इटावा, मेहगांव, मालनपुर, मैनपुरी सहित ग्वालियर चम्बल संभागीय स्तर पर आयोजित की जावेगी।

# मच्छर जनित बीमारी मलेरिया नियंत्रण की दिशा में जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में मच्छर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया-डेंगू के नियंत्रण की दिशा में जिला स्वास्थ्य समिति ग्वालियर व एम्बेड परियोजना के तहत किये जा रहे सुनियोजित प्रयासों के चलते आज 16 अप्रैल को सिटी सेंटर स्थित क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 25 अप्रैल से मनाये जाने वाले विश्व मलेरिया सप्ताह के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना बनाना तथा वर्षात के पहले मच्छरों व इनसे होने वाली बीमारियों के नियंत्रण की रणनीति तैयार करना था ताकि वर्षात के दिनों में बढ़ती मच्छरों की पैदाइश व मलेरिया ङ्क डेंगू की बढती संभावनाओं को रोका जा सके । कार्यशाला में जिले के सभी ब्लाक से आये खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनीष शर्मा ने निर्देशित किया कि इस वर्ष जिले में मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने हेतु सभी अधिकारी व कर्मचारी जिले व ब्लाक स्तर पर अन्य विभागों जैसे शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग, नगर पालिका ङ्क नगर निगम के साथ सामंजस्य बनाकर अभी से सुनियोजित कार्यवाही लगातार जारी रखें ताकि आने वाले बरसात के मौसम में स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा सभी ब्लाक व शहरी क्षेत्र में विश्व मलेरिया सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार करवाई गयी और 25 अप्रैल से क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए। कार्यशाला में दिल्ली से पधारे फेमिली हेल्थ इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर सोम शर्मा द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर मलेरिया के मामलों में आयी कमी को बताते हुए मैदानी कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा गया तथा भारत सरकार का लक्ष्य 2027 तक मलेरिया को ज? से समाप्त करने को पाने हेतु मिलकर सघन प्रयास किये जाने हेतु सभी से अपील की । आई पी निवारिया (मीडिया प्रभारी स्वास्थ्य विभाग) ने बताया की 18 अप्रैल से जिले के सभी ब्लाक में लगाए जाने वाले शिविर में भी मलेरिया डेंगू से बचाव / जाँच / उपचार व रोकथाम संबंधी जानकारी देने हेतु विशेष व्यवस्था हैं जिसमे लोगों को प्रदर्शनी आदि लगाकर विभिन्न माध्यमों से लोगों को जानकारी दे कर जागरूक किया जावेगा। कार्यशाला के दौरान एम्बेड टीम व सहायक जिला मलेरिया अधिकारी पान सिंह सहित जिले के सभी ब्लाक मेडिकल ऑफिसर, मलेरिया निरीक्षक, तकनीकी सुपरवाईजर, व शहरी क्षेत्र के LDCMIS सहित 50 लोगों ने भाग लिया।



# भाजपा ने किया श्रमिक सैनिकों का सम्मान




ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार समाज के अंतिम छोर पर ख? अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। हमारे कार्यकर्ता 7 से 20 अप्रैल तक चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाडे के तहत हमने सभी वर्गों के बीच जाकर सेवाभाव का कार्य कर रहे हैं चाहे वह रक्तदान की बात हो या समाज की प्रतिभाओं की सम्मान की बात हो। उक्त उद्गार सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवा? के अंतर्गत शनिवार को वार्ड 59 में भाजपा वीर सावरकर मंडल द्वारा आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में कही।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। महिलाओं के क्षेत्र में लाडली लक्ष्मी योजना हो, या जननी सुरक्षा योजना हो, इसी प्रकार केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना से आज समाज में गरीब जरूरतमंद, दलित वर्ग को बहुत लाभ मिल रहा है।

**कार्यक्रम का संचालन कनवर मंगलानी ने एवं आभार वर्षा रावत ने व्यक्त किया।**

इस अवसर पर बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमति नीलिमा शिंदे, राकेश खुरासिया, विनोद शर्मा, बिरजू शिवहरे, शैली शर्मा ,दीपक अग्रवाल, रेशु राजावत, करुणा सक्सेना, सुमन चैरसिया, जयंत शर्मा,राजेन्द्र महोबिया, दिनेश कौशिक, रमाकांत महते, रवि पांडे सहित सेक?ो कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।




# प्रतियोगिता जीतकर लौटे व्हीलचेयर दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने किया स्वागत एवं उत्साहवर्धन



ग्वालियर । मध्य प्रदेश व्हीलचेयर दिव्यांग क्रिकेट टीम गत दिवस दिल्ली में आयोजित उत्तराखंड एवं मध्य प्रदेश के बीच व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में जीतकर ग्वालियर लौटी। ग्वालियर वापसी पर व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का ग्वालियर की पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय इंटरनेशनल गेस्ट हाउस स्थित मध्य प्रदेश एवं उत्तराखंड के बीच दिल्ली में आयोजित व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश टीम जीतकर आए खिलाड़ियों आयोजित सम्मान समारोह में ग्वालियर के लोकप्रिय पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने स्वागत सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ एसके राव जी, श्रीमती शकुन जी दीदी, श्री एन एस बरुआ जी, श्री राजेश दंडोतिया जी, श्री संजीव वर्मा जी, श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर जी,श्री ओ पी दीक्षित जी सहित सम्मानीय वरिष्ठ गणमान्य नागरिक एवं समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478